RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक नवयतन

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक



# RCB लगातार दूसरी बार आईपीएल चैंपियन

## गुजरात को 5 विकेट से हराया

### विराट कोहली ने छक्का लगाकर जीत दिलाई

अहमदाबाद।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार आईपीएल जीत लिया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा दिया।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए।

जवाब में विराट कोहली के नाबाद 75 रन की बदौलत बेंगलुरु ने 18 ओवर में 161 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट ने छक्के के साथ मैच खत्म किया।

#### कोहली के नाबाद 75 रन

156 रन के टारगेट का पीछा करते हुए आरसीबी को वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली ने तेज शुरुआत दिलाई। अय्यर ने 16 गेंदों में 32 रन बनाए, जबकि कोहली ने शुरुआत से ही पारी को संभाले रखा। देवदत्त पडिक्कल (1), रजत पाटीदार (15) और क्रुणाल पंड्या (1) जल्दी आउट हुए, लेकिन कोहली ने दूसरे छोर से रन बनाना जारी रखा।

टिम डेविड ने 17 गेंदों में 24 रन की पारी खेलकर कोहली का साथ दिया। अंत में जितेश शर्मा (11*) के साथ कोहली ने टीम को जीत तक पहुंचाया। कोहली 42 गेंदों में 75 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात के लिए

#### सुंदर का अर्धशतक, रसिख को 3 विकेट

गुजरात टाइटंस की शुरुआत खराब रही और टीम ने 55 रन तक अपने 3 विकेट गंवा दिए। शुभमन गिल (10), साई सुदर्शन (12) और निशांत सिंधु (20) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद जोस बटलर (19) भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। हालांकि वॉशिंगटन सुंदर ने एक छोर संभालते हुए 37 गेंदों में नाबाद 50 रन बनाए और अर्शद खान (15) व जेसन होल्डर (7) के साथ छोटी-छोटी साझेदारियां कर टीम को 20 ओवर में 155/8 तक पहुंचाया।

आरसीबी के लिए रसिख सलाम सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 27 रन देकर 3 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने 2-2 विकेट झटके, जबकि क्रुणाल पंड्या को 1 सफलता मिली।

#### सूर्यवंशी को ऑरेंज कैप मिला

वैभव सूर्यवंशी को ऑरेंज कैप मिला। उन्होंने 16 मैचों में 776 रन बनाए हैं, जो इस सीजन किसी भी बल्लेबाज के सबसे ज्यादा रन हैं। सूर्यवंशी के बाद गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल (732 रन) और साई सुदर्शन (722 रन) हैं। दोनों बैटर आउट हो चुके हैं।

## टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमले में 5 गिरफ्तार

### ममता बोलीं- हेलमेट नहीं होता तो जान चली जाती, भाजपा नेताओं-अफसरों ने डिस्चार्ज का दबाव बनाया

कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी वीडियो फुटेज के आधार पर रातभर चली छापेमारी के बाद हुई। ममता बनर्जी ने हमले को साजिश बताते हुए कहा कि अगर अभिषेक ने हेलमेट नहीं पहना होता तो उनकी जान जा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती अभिषेक को जल्द डिस्चार्ज कराने के लिए भाजपा नेताओं और पुलिस ने दबाव बनाया। अभिषेक पर शनिवार को दक्षिण सोनारपुर में हमला हुआ था, जहां वे चुनाव बाद हिंसा के पीड़ित कार्यकर्ताओं से मिलने गए थे।

### मुख्यमंत्री का युवाओं से संवाद

## युवाओं के हित में पहले दिन से ही किया काम, स्वरोजगार की ओर बढ़ें युवा, राज्य सरकार करेगी मदद : सीएम शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले दिन से ही युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने एवं 6 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम हो रहा है। इसी क्रम में 1 लाख 25 हजार से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां प्रदान की गई हैं, 1 लाख 35 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं एवं इस वर्ष 1 लाख 25 हजार पदों का भर्ती कैलेण्डर भी जारी किया गया है।

#### प्रधानमंत्री की ईंधन बचत की अपील, साईकिल से मुख्यमंत्री निवास पहुंचे युवा-

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचत की अपील को आत्मसात कर बड़ी संख्या में युवा मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में साईकिल से पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं, उन्होंने आह्वान किया कि विकसित राजस्थान-2047 के सपने को साकार करने में युवा अपनी अहम भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर युवाओं से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




उन्होंने कहा कि पेपरलीक ने युवाओं के सपनों को तोड़ा, लेकिन हमारी सरकार ने इस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा है। हमारे कार्यकाल में बिना पेपरलीक के 350 से अधिक परीक्षाएं आयोजित हुई हैं। वहीं, प्रदेश के युवाओं को प्रगति के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा नीति भी लाई गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही स्वरोजगार के अवसर मिले, इसके लिए भी कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्राम स्तर पर युवाओं के लिए अटल ज्ञान केन्द्रों को विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि करीब 4 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 436 रोजगार सहायता शिविर आयोजित किए हैं, युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 6 प्रतिशत ब्याज पुनर्भरण हेतु ऋण की सीमा को बढ़ाकर 2 करोड़ रूपये किया है। योजना के अन्तर्गत 248 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, राजस्थान स्टार्टअप कार्यक्रम के तहत फंडिंग प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रोडमैप बनाया, जिसके तहत सबसे पहले जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते को धरातल पर उतारने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। वहीं, आईजीएनपी एवं गंग नहर का सुदृढ़ीकरण, देवास परियोजना का विस्तार, ब्राह्मणी नदी एवं माही बांध परियोजना जैसे अनेक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक प्रदेशभर के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इसी क्रम में 26 जिलों के किसानों को दिन में बिजली दी जा रही है।

## मदन राठौड़ बोले-आरएलपी समर्थकों की मंशा मेरी हत्या की थी

### कहा- बेनीवाल के लिए मैं अकेला ही काफी हूं, ऐसे लोग राजनीति के लिए कलंक

जयपुर।

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के कार्यकर्ताओं की मंशा तो मेरी हत्या करने की थी। उन्होने कहा कि मैं मेरी पार्टी के कार्यक्रम में जा रहा था। वो मेरा किस बात का विरोध कर रहे थे। राठौड़ ने कहा कि ऐसे लोग जिनकी शब्दावली ठीक नहीं है, वो लोग राजनीति के लिए कलंक हैं।

मैंने यह बात कही थी कि राजनीति के शुद्धिकरण की आवश्यकता हैं। ऐसे लोगों को प्रेरित होने की आवश्यकता है। यह बातें मदन राठौड़ ने रविवार को प्रदेश बीजेपी कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में पूरा राजस्थान जानता है कि मैं कितना सरल हूं, अगर वो मुझे ज्ञापन देते तो मैं खुद उतरकर ज्ञापन लेने को भी तैयार था। लेकिन उन्होंने मेरी कार पर डंडे बरसाना शुरू कर दिया, तब मैं समझ गया कि उनकी मंशा तो मेरी हत्या करने की हैं, तब मैं बाहर क्यों निकलूं।



#### ऐसे लोग राजनीति के लिए कलंक

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि राजनीति में विरोध करो, विपक्ष का काम है विरोध करना है। इसमें कोई दिक्कत की बात नहीं है, लेकिन शब्द चयन ऐसे करो कि जब सामने मिलो तो नमस्ते तो हो जाए, नजरे नहीं झुकानी पड़े। शर्म तो नहीं आई कि मैंने इनके लिए क्या बोल दिया। कम से कम यह तो नहीं होना चाहिए।


#### मर्यादित और गरिमापूर्ण होना चाहिए विपक्ष

राठौड़ ने कहा कि हम तो लोकतंत्र के प्रशंसक है, विपक्ष भी होना चाहिए, तभी लोकतंत्र की सफलता है। लेकिन विपक्ष मर्यादित और गरिमापूर्ण होना चाहिए। कोई यह कहे कि बिजली के बिल मत भरो, मीटर रीडर आए तो उसे कूटो। ऐसे लोग समाज को क्या प्रेरणा देंगे।

#### पूरी दुनिया जानती है राहुल गांधी कैसे ट्रेनर

सोमवार को राहुल गांधी के पुष्कर दौरे को लेकर मदन राठौड़ ने कहा कि अगर हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से उनको प्रेरणा मिलती है तो अच्छी बात है। प्रशिक्षण तो होना चाहिए, लेकिन प्रशिक्षण में एक प्रशिक्षक (ट्रेनर) होता है और राहुल गांधी किस तरह के ट्रेनर हैं, यह पूरी दुनिया जानती है।

### कोबरी-सार



# पूर्व विधायक हजारीलाल शर्मा को दी श्रद्धांजलि

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** पिलानी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. हजारीलाल शर्मा मास्टर की 22वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर झुंझुनू रोड, चुंगी नाका स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व आरपीएस सुंदरलाल अरड़ावतिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष शर्मा, नरोत्तम लाल अरडावतिया, नंदकिशोर अरडावतिया, डॉ. एलके शर्मा, विश्वनाथ अरडावतिया, ओमप्रकाश अरडावतिया, पुष्कर लाल मिश्रा, नरेंद्र अरड़ावतिया, राजेन्द्र सैनी, विजय कुमार शर्मा, नथमल अरडावतिया, ओमप्रकाश सैनी, महेन्द्र दयाशंकर अरडावतिया, महेश शर्मा आजाद, देवेन्द्र प्रदीप अरडावतिया, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, सतीश ओजटू, सुशील शर्मा, महमूद वकील, अशोक अरडावतिया, राजेन्द्र हीरवाल, महावीर सैनी, प्रमोद धनजीका, आनंद अरडावतिया, पवन शर्मा, राजेन्द्र सैनी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने शिरकत की। उपस्थित लोगों ने शर्मा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने मास्टर के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि स्व. हजारीलाल शर्मा ने हमेशा क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी।

उनका सादगीपूर्ण जीवन और जनसेवा की भावना आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।



# पानी का सांस्कृतिक महत्व, जल सेवा सबसे बड़ा पुण्य : सहारण

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत रविवार सवेरे जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पुलिसकर्मियों ने भाग लेकर जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि जिले को हर क्षेत्र में विकसित बनाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जल संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने पानी के सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि प्राचीन समय में लोग राहगीरों के लिए प्याऊ लगाकर पानी उपलब्ध कराते थे और जल सेवा को सबसे बड़ा पुण्य माना जाता था। वर्तमान में जल संसाधनों का अत्यधिक दोहन हुआ है, ऐसे में जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने उपस्थितों से प्रत्येक घर में कुंड निर्माण से वर्षा जल संरक्षण तथा पेयजल के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व जल संरक्षण प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि जल संरक्षण को नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। हमें वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए जल संरक्षण की दिशा में सभी को गंभीर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के माध्यम से वर्षा जल व जल स्रोतों के संरक्षण सहित जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। हम सभी इनमें बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएं और अपनी समृद्ध विरासत को बचाएं। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखना समय की मांग है। स्वच्छता और जल संरक्षण दोनों ही समाज के अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं। इसलिए हम दैनिक जीवन में पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें और वर्षा जल संग्रहण गतिविधियों को अपनाएं। उपखंड अधिकारी धीरज झाझड़िया ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। अभिषेक चोटिया ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में जल संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि सभी नागरिकों को मिलकर जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियानों को सफल बनाना होगा। इस दौरान कोतवाल सुखराम चोटिया, विक्रम कोटवाद, सीपी शर्मा, दीनदयाल सैनी, मुकुट बिहारी, राजेंद्र सिंह, सूबे सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



# यंग्स क्लब ने शुरू किया आठवें जलसेवा पोईंट का शुभारंभ




निसं

**सुजानगढ ( नवयत्न )।** प्रचंड गर्मी के मौसम में रविवार को कैंपर्स द्वारा नि:शुल्क पेय जल सेवा प्रकल्प का 8 वा प्वाइंट मुरलीधर करुणा कनोई की स्मृति में आदित्य निशा कनोई के सौजन्य से व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िा की प्रेरणा से रामपुरिया कॉटेज के समीप शुरू किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि इस सेवा प्रकल्प के तीसरे चरण का शुभारम्भ प्रख्यात सर्जन व समाजसेवी डॉ सरोज कुमार छाबड़ा के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर योजना प्रेरक राजेंद्र गिडिया, हेमराज नाहटा, समाज सेवी राजकुमार क्याल, हरि प्रसाद तोदी, राजेंद्र कनोई, कमलनयन तोषनीवाल, क्लब प्रतिनिधि गोपाल बी चोटिया, गिरधर शर्मा, कुणाल सोनी, प्रतीक, अंकित चोटिया मौजूद रहे। गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ गत डेढ़ माह से क्लब के सामने कमलेश भरत डुंगरवाल बेंगलुरू प्रवासी, जनाना अस्पताल नाथो तालाब के पास एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स, सेठिया परिवार दिल्ली का सौजन्य तथा डी सी एम रोड का प्वाइंट स्व. हरकचंद सरावगी के स्मृति में, डी वाई एस पी ऑफिस के पास देवसागर सिंघी जैन मंदिर ट्रस्ट की ओर से तहसील कार्यालय में मोहिनी देवी छाबड़ा के सौजन्य से पंचायत समिति के सामने झंकार नवरतन सुराणा के सहयोग से तथा शिवालय ठरड़ा में भागीरथ चांडक व कांता देवी चांडक सहित कौशल्या देवी प्रकाशचंद गुलेरिया के सहयोग से अस्थाई प्याऊ के माध्यम से जल सेवा की जा रही है।

# भाजपा नेताओं ने सुनी मन की बात



निसं

**सुजानगढ ( नवयत्न )।** स्थानीय भाजपा शहर मंडल कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 134वां संस्करण विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार के मुख्य आतिथ्य में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना गया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से बढ़ती गर्मी के बीच सतर्कता बरतने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि हमारी रसोई में मौजूद पारंपरिक पेय और खान-पान की संस्कृति गर्मी से बचाव का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंनें देशवासियों को जनभागीदारी, नवाचार, आत्मनिर्भरता, युवा शक्ति, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रेरणादायी विचार साझा किए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, महामंत्री प्रकाश भार्गव, गौरव इंदौरिया, बुद्धिप्रकाश सोनी, विजय चौहान, उपाध्यक्ष सुमन सामरिया, अमरचंद सेन, मंडल मंत्री मुरारी खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, निवर्तमान पार्षद मनोज पारीक, गणेश मंडावरिया, पंकज घासोलिया, पुरषोत्तम शर्मा, रेवंतमल पंवार, प्रेम स्वामी, सीताराम माली, श्रीराम बिहानी, आशीष चोटिया, कमल दाधीच, गंगाधर लाखन, मदन भारी, सुरेश शर्मा, विजय सिंह, विश्वनाथ, भवानी, रमेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता वैद्य भंवरलाल शर्मा का किया स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता वैद्य भंवरलाल शर्मा का गोपाल गौशाला में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने गायों को गुड़, हरा चारा खिलाकर गौसेवा की। कार्यक्रम में सुथार ने वैद्य भंवरलाल का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बीदासर निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, नगर अध्यक्ष विनय माटोलिया, महेश जोशी, विजय चौहान, रेवन्तमल पंवार, बुद्धिप्रकाश सोनी, जिला प्रवक्ता विश्वदीपक काछवाल, एडवोकेट मनीष गोठड़िया, मदन भारी, प्रकाश भार्गव, दीनदयाल पारीक, प्रेम प्रकाश स्वामी, भवानी रांकावत, नरेंद्र गुर्जर, विश्वनाथ बारवासा, दीपक कौशिक, विक्की काछवाल, शंकर जिलोया, कमल पीपलवा, नमन शर्मा, विष्णु अरोड़ा, आशीष चोटिया, पवन सैनी, अभिषेक चौहान, अभिषेक दाधीच, शिवभगवान दर्जी, वैद्य मांगीलाल शर्मा, गणेश मंडावरिया, पुरुषोत्तम शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी वैद्य भंवरलाल काछवाल का स्वागत किया।

# लालगढ़ से आई टीम ने दिया धरने को समर्थन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद के बाहर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहा धरना लगातार 29 वें दिन रविवार को भी जारी रहा। गांधी चौक पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर चल रहे धरने पर तरुण सियोता, इकबाल खान कायमखानी, बिलाल भूरान, मुकुल मिश्रा, एडवोकेट तिलोक मेघवाल, आत्माराम तेजी, शंकरलाल लाखन, राजू सिंह भाटी, लालचंद बेदी, नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान आदि लोगों ने शिरकत की। अजय ढ़ेनवाल ने बताया कि लालगढ़ की टीम अनिश्चिचत कालीन धरने पहुंची और मांगों को लेकर समर्थन दिया। अखाराम, कालूराम, नेमाराम, घुडांराम, सुभाष मेघवाल आदि लालगढ़ से धरने पर पहुंचे।

# जल बचाने का संदेश लेकर निकली जागरूकता साइकिल रैली




निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी श्वंदे गंगा : जल संरक्षण जन अभियान के तहत रविवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला खेल स्टेडियम से जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भूजल स्तर में लगातार गिरावट को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को जल बचाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान जनभागीदारी से ही सफल होगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

जल संकट की चुनौती का सामना केवल जनजागरूकता और व्यवहार में परिवर्तन के माध्यम से ही किया जा सकता है। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने उपस्थितों को जल संरक्षण गतिविधियों में अधिकाधिक भागीदारी का आह्वान किया। एसडीएम धीरज झाझडिया, अभिषेक चोटिया, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत आदि ने भी विचार व्यक्त किए। रैली जिला खेल स्टेडियम से प्रारंभ होकर पंखा सर्किल से होते हुए मुख्य मार्गों होते हुए पुलिस लाइन पहुंची। उपस्थित सभी ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस दौरान सुनील ढाका, महेश कुमार, सुरेन्द्र प्रजापत, मनीष राठौड़, प्रदीप शर्मा, अजय ढाका, राजवीर सिंह, पंकज प्रजापत, नानूराम सैनी, प्रहलाद बुडानिया सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन शिशुपाल बुडानिया ने किया।

# पीएम श्री विद्यालय में 15 दिवसीय समाज सेवा एवं अभिरुचि शिविर का हुआ भव्य समापन

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** पीएम श्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजलदेसर में आयोजित 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर एवं अभिरुचि शिविर का समापन समारोह राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुशील शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सुशील शर्मा ने कहा कि समाज सेवा शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे शिविरों के माध्यम से छात्राओं में अनुशासन, सृजनशीलता, आत्मविश्वास एवं परिश्रम जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने छात्राओं को नियमित स्वाध्याय करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि निरंतर अध्ययन से मानसिक विकास के साथ.साथ जीवन में सफलता के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। शिविर के दौरान आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। पंद्रह दिनों तक चले इस शिविर में छात्राओं ने विद्यालय सौंदर्यकरण, अल्प बचत, उपभोक्ता संरक्षण, प्राथमिक उपचार, पर्यावरण संरक्षण, सिलाई प्रशिक्षण, पक्षियों के लिए परिंडे निर्माण सहित विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के माध्यम से छात्राओं को सामाजिक सरोकारों, सेवा भावना तथा आत्मनिर्भरता का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित हुई। इस अवसर पर शिविर प्रभारी मनोज सारस्वत, कन्हैयालाल जांगिड़, कंचनलता पुरोहित, प्रतिभा दर्जी, रचना पारीक, सरिता सैनी सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।



# अधिक मास में दो भाइयों ने गौ चिकित्सालय सौंथली में की गौ सवामणी, असहाय गौवंश को खिलाए तरबूज

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** ज्येष्ठ अधिक मास के पावन अवसर पर गौसेवा की भावना से प्रेरित होकर समाजसेवी अशोक व विमल अग्रवाल पुत्र दीनदयाल ने अपना कर्म गौ चिकित्सालय सौंथली में गौ सवामणी का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने असहाय, घायल एवं निराश्रित गौवंश के लिए गौ सवामणी के साथ-साथ गर्मी से राहत के लिए तरबूज भी खिलाए। कार्यक्रम में गौभक्तों ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की। अशोक अग्रवाल ने कहा कि अधिक मास में किए गए धार्मिक एवं सेवा कार्यों का विशेष महत्व माना जाता है।

गौसेवा भारतीय संस्कृति की अमूल्य परंपरा है और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार गौवंश की सेवा में योगदान देना चाहिए। भीषण गर्मी को देखते हुए गौवंश को तरबूज खिलाए गए, जिससे उन्हें पोषण एवं शीतलता मिल सके। गौ चिकित्सालय प्रबंधन ने अग्रवाल एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही असहाय गौवंश की बेहतर देखभाल संभव हो पाती है। इस अवसर पर उपस्थित गौसेवकों ने भी गौसेवा को पुण्यदायी कार्य बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने का संदेश दिया।

उधर पं गणेश नारायण गोशाला बुगाला में सुभाष पुत्र हनुमान प्रसाद तुलस्यान ने गोवंश को तरबूज खिलाए।



# देश के शीर्ष संस्थान एआईआईएमए में पाएंगी सुपर-स्पेशियलिटी की शिक्षा

## देश में 11वीं रैंक हासिल की

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** चिड़ावा की होनहार बेटी डॉ. सिमरन गढ़वाल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सुपर स्पेशियलिटी के लिए प्लास्टिक सर्जरी पाठ्यक्रम में देशभर में 11वीं रैंक हासिल की। कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम के बल पर उनका चयन देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एम्स में एमसीएच प्लास्टिक एवं पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। मूलत: क्षेत्र के रूपपुरा चुना का बास व हाल आदर्श कॉलोनी चिड़ावा निवासी व्यवसायी मुकेश गढ़वाल की पुत्री डॉ. सिमरन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चिकित्सा क्षेत्र की सबसे कठिन और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी सुपर-स्पेशियलिटी शाखाओं में से एक मानी जाने वाली इस विधा में चयन होना उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता, लगन और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। डॉ. सिमरन ने एमबीबीएस करने के बाद हिमाचल प्रदेश के डॉ राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज से जर्नल सर्जरी में एमएस की डिग्री हासिल की है।

### प्रतिभाओं से धनी है गढ़वाल परिवार

डॉ. सिमरन का पूरा परिवार शिक्षा और उच्च पदों पर रहकर समाज को गौरवान्वित कर रहा है। उनकी माता सरोज देवी गृहिणी हैं, जिन्होंने बच्चों को उच्च संस्कार दिए। उनके दादा सेवानिवृत शिक्षक शेर सिंह गढ़वाल, दादी सेवानिवृत्ति व्याख्याता कमला देवी, नाना सेवानिवृत शिक्षक प्रकाशचंद्र नूनिया और नानी महादेवी के मार्गदर्शन में परिवार आगे बढ़ रहा है। डॉ. सिमरन के बड़े भाई अमन और भाभी आस्था देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में वकील हैं।

वहीं, उनके छोटे भाई साहिल गढ़वाल कंप्यूटर साइंस में आईआईटियन हैं और वर्तमान में अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्यूक फ्यूक्वा यूनिवर्सिटी से एमबी, कर रहे हैं।



### बधाई देने वालों का लगा तांता

सफलता की सूचना मिलते ही डॉ. सिमरन के मामा एडवोकेट रवि नूनिया, रमेश नूनिया, बुआ मुक्ता देवी और फूफा सुमेर सिंह श्योराण सहित सामाजिक, शैक्षणिक एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों का कहना है कि डॉ. सिमरन की यह शानदार उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगी। उनकी यह सफलता संदेश देती है कि यदि संकल्प दृढ़ हो और मेहनत निरंतर की जाए, तो देश का बड़े से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। डॉ. सिमरन की इस उपलब्धि पर सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष शर्मा, समाजसेवी शीशराम हलवाई, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अमर सिंह पचार, सारी सरपंच उम्मेद सिंह बराला, ओजटू सरपंच विनोद डांगी, बिजली निगम के सहायक अभियंता संजय कुमार, प्रधानाचार्य राजवीर सिंह डूडी, ठेकेदार अमीलाल कटकी, प्रधानाचार्य अभय सिंह बेदवाल, पूर्व प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा, कर्मवीर मेचू, हनुमान पचार, चंद्रभान बिजारणिया, जय सिंह, जयवीर श्योराण आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्य प्रदेश से हिमालय वुडवेज कोर्स कर लौटी गाइडर

निसं

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मईएराजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्य प्रदेश पर दिनांक15 से 21मई तक आयोजित हिमालय वुडबैज गाइड प्रशिक्षण शिविर में जिले की चार गाइडर ने हिमालय वुडबैज योग्यता अर्जित की। सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि जिले की पीएम श्री महात्मा गांधी श्री कृष्ण परिषद राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजगढ़ से मनीषा सैनी, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय देवरोड पिलानी से सोनम चौधरी, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सावंलोद बुहाना से सत्यवती, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुढ़ाना झुंझुनू से अंजू ने यह योग्यता अर्जित की है। इनके प्रशिक्षित होने से जिले की स्काउट गाइड छात्राओं हेतु अच्छे ट्रेनर उपलब्ध हो सकेंगे और जिले की छात्राओं को राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने में मदद मिलेगी। चारों गाइडर के झुंझुनू पहुंचने पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा एसी.ओ. स्काउट महेश कालावत, सचिव स्थानीय संघ पिलानी श्याम लाल इंदौरिया, सचिव स्थानीय संघ सूरजगढ़ महेश सैनी, सचिव स्थानीय संघ झुंझुनू धर्मपाल सिंह, सचिव स्थानीय बूहाना प्रवीण कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की।



# राजस्थान एआई समिट में गूंजा एआई आधारित भारत का विजन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिक्षा और उद्योग के बीच बढ़ते स्किल गैप, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग की आवश्यकता, स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में रविवार राइट कोड सोसायटी द्वारा आयोजित राजस्थान एआई समिट 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से आए शिक्षाविदों, तकनीकी विशेषज्ञों, स्टार्टअप संस्थापकों, उद्योग प्रतिनिधियों और युवाओं ने भाग लिया। इस समिट में भारत को एआई और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने के विजन पर व्यापक चर्चा हुई। राइट कोड सोसायटी के गौरव शर्मा और आयोजन मेंटर, डॉ. आशुतोष पंत ने बताया कि भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति है, जिसे सही कौशल और अवसर प्रदान कर एआई क्रांति का नेतृत्व करने के लिए तैयार किया जा सकता है। डीफेन्स रोबोट्स की एक प्रदर्शनी भी आयोजित भी की गयी। जिसमें कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष, आदित्य नाग समिट में एआई एवं आई टी विशेषज्ञों में एनआईएक्सआई के सीईओ डॉ. देवेश त्यागी, चीफ एडवाइजर स्ट्रैटिजिक अफेयर्स, डॉ. निशाकांत ओझा फॉर्मर इंडिपेंडेंट डायरेक्टर, आईओसीएल सीएसआर डॉ. आशुतोष पंत, एसोसिएट प्रोफेसर एवं पूर्व चेयरमैन, एआई और रोबोटिक्स सेंटर, आईआईटी मंडी, प्रो. डॉ. अमित शुक्ला ऑस्कर विजेता हॉलीवुड एडिटर, डॉ. अनुराधा सिंह और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, एआई-एमएलए आईओसीएलए मनीष मलिक ने हेल्थकेयर, शिक्षा, कृषि, रोबोटिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में एआई की बढ़ती भूमिका और उससे उत्पन्न होने वाले रोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण भारत भाग्य विधाता बीबीवी पहल रही। इस पहल के तहत युवाओं को एआई-एमएल से जुड़े 1000 से अधिक कोर्स, वर्कशॉप, प्रशिक्षण कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय सहयोग के अवसर और रोजगारोन्मुख संसाधन उपलब्ध कराने की योजना साझा की गई। समिट में वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह की पहलें राजस्थान को देश के उभरते एआई और टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी तथा युवाओं को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करेंगी।

# भव्य शोभायात्रा के साथ भागवत कथा हुई सम्पन्न



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** कान्हा गौ सेवा समिति व अर्केश्वर महादेव शिवालय परिवार द्वारा चाण्डक भवन में 25 मई से आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा रविवार 31 मई को सम्पन्न हो गई। कथा के सातवें दिन रविवार को व्यास पीठ पर विराजित नोखा के विद्वान पंडित महावीर महाराज पंचारिया ने द्वारिका लीलाए सुदामा चरित्र, नव योगेश्वर संवाद, 24 गुरुओं की कथा और परिक्षित मोक्ष की कथा का ज्ञान अमृत पान हजारों की तादाद में उपस्थित नर.नारी श्रोताओं को करवाते हुए उन्हें भाव विभोर कर दिया। महाराज ने दान पुण्य और गौ सेवा को बहुत बहुत बड़ा पुण्य बताते हुए कहा मनुष्य को दान पुण्य करना चाहिए। महाराज ने कहा कि मानव मात्र को किसी से लिया गया ऋण वापस नही चुकाने पर नर्क में जाना पड़ता है। महाराज द्वारा कृष्ण सुदामा मिलन की मार्मिक कथा को विस्तार से सुनाये जाने के दौरान अनेकों श्रद्धालुओं की आंखें भर आई। ?इसी दौरान जसवंतगढ़ के झांकी कलाकार बाबूलाल द्वारा कृष्ण सुदामा मिलन की अतिसुन्दर मनमोहक झांकी में भगवान कृष्ण की रानियों रूक्मणी, सुदामा और द्वारपालों के माध्यम से अभिनय किया गया। इसी दौरान भजन गायक कलाकार द्वाराकृ अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो तुम्हारे दर पे सुदामा गरीब आया है। भजन से श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गये। महाराज ने नवयोगेश्वर संवाद और 24 गुरुओं की कथा सुनाई। भागवत कथा के अंतिम सातवें दिन गौ सेवाार्थ झोली फैलाई गई। श्रोताओं ने झोली भर दी। अर्केश्वर महादेव परिवार से जुड़े इन्द्रचन्द मोदी ने बताया कि कथा के दौरान भामाशाहों ने दिल खोलकर गौ सेवार्थ धन दिया। तहसील परिसर स्थित अर्केश्वर शिवालय के ब्रह्मलीन पुजारी रामकिशन महाराज पंचारिया की गौ सेवार्थ प्रेरणा का पालन करते हुए उनकी याद में अर्केश्वर महादेव परिवार के साधकगणों के सौजन्य से 7 लाख रूपये गौ सेवार्थ दिये गये। सातवें दिन कथा में सलोचन देवी-पवन बजाज, एडवोकेट अर्चना राकेश व्यास और जशोदा देवी कमल कोठारी मुख्य श्रोता यजमान रहे व डेनाईट स्वीट अशोक लाहोटी और गणेश पूनम नागल नोखा मुंबई द्वारा श्रोताओं को प्रसाद वितरण किया गया। ?कथा समापन पर भागवत कथा में सभी प्रकार का सहयोग देने वालों कार्यकर्ताओं, भामाशाहों, विभिन्न संस्थाओं, साजवादकोंए झांकी कलाकार, भजन गायक आदि सभी का स्वागत सत्कार किया गया। भागवत कथा आयोजकों की ओर से कथा व्यास महावीर महाराज पंचारिया नोखा व उनके सहयोगियों व नर-नारी श्रोताओं, भामाशाहों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कथा व्यास जी ने सब को आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात गाजे बाजे सहित विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।

# मच्छरों पर वार और जन जागरूकता पर रहेगा विशेष जोर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसून पूर्व मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आगामी जून माह को एंटी मलेरिया माह के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पूरे माह जिलेभर में मच्छरों की रोकथाम एवं जन जागरूकता के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वल एवं एंटी एडल्ट गतिविधियों के साथ-साथ व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि मानसून के दौरान मलेरियाए डेंगू, चिकनगुनिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए जून माह में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर रोकथाम गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जलभराव वाले स्थानों की पहचान कर सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए एंटीलार्वल गतिविधियां तथा वयस्क मच्छरों के नियंत्रण के लिए एंटी-एडल्ट उपाय किए जाएंगे। सूचना, शिक्षा एवं संचार आईईसी गतिविधियों के माध्यम से आमजन को मच्छर जनित रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाएगा। डॉ. शेखावत ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 16 जून से 30 जून तक ष्ड्रैचरी क्रियाशील पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान मच्छरों के जैविक नियंत्रण के लिए गम्बूशिया मछलियों को स्थायी जलाशयों एवं अन्य परमानेंट वाटर बॉडीज में छोड़ा जाएगा। गम्बूशिया मछली मच्छरों के लार्वा को खाकर उनकी संख्या नियंत्रित करती है, जिससे मानसून के दौरान मच्छरों के प्रजनन पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सामुदायिक स्तर पर आमुखीकरण कार्यक्रम, जनसंवाद, जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ सभाएं एवं अन्य जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही अभियान की नियमित मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन भी सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# सरकार जन समस्याओं के समाधान पर दे ध्यान : थानसिंह डोली



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पचपदरा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके आरएलपी नेता थानसिंह डोली के सुजानगढ़ आगमन पर आरएलपी कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर थानसिंह डोली ने कहा कि आज प्रदेश की सरकार केवल जनता की मूलभूत जरूरतों बिजलीए पानी सड़क, चिकित्सा, शिक्षा आदि की समस्याओं के समाधान करने के बजाय केवल इवेंटबाजी और अपने खुद के विरोध को दबाने में उर्जा खर्च कर रही है, जो कि लोकतंत्र में काफी गलत है। डोली ने कहा कि सरकार को जन सुविधाओ को बढ़ाने, जनता की समस्याओं का समाधान करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में आरएलपी के कार्यकर्ता लगातार जनहितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आरएलपी नेता रतनलाल नायक के सानिध्य में नायक बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में हरीराम चाड़वास, तोलाराम बालेरां, गोपाल राव, सोहनलाल प्रजापत, मनोहर नायक, राजेंद्र भंवरिया, अनिल चौधरी, जोरावर नायक, मदनलाल आदि ने माल्यार्पण कर थान सिंह डोली का स्वागत किया।

# संस्कारों की नींव रख ऊंची उड़ान को तैयार हुए नौनिहाल



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री अमरापुर स्थान जयपुर में आयोजित 15 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का भव्य समापन संत-महात्माओं की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। शिविर में 80 से अधिक बच्चों ने आचार्य जितेंद्र दाधीच वेदाचार्य के सान्निध्य में प्रार्थना, गणेश मंत्र, गुरु मंत्र, सूर्य मंत्र, स्नान मंत्र, राम-कृष्ण मंत्र, श्लोक, गणेश वंदना, सस्वर हनुमान चालीसा, आरती, प्रेम प्रकाश ग्रंथ ज्ञान, महापुरुषों की जीवनी तथा सद्गुरु टेऊँराम जी महाराज की सोलह शिक्षाओं का अध्ययन किया। पूज्य स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने कहा कि सनातन धर्म एवं संस्कृति से जुड़ी आध्यात्मिक शिक्षा बच्चों के जीवन की मजबूत आधारशिला है, जो भविष्य में सफलता के मार्ग को प्रशस्त करती है। समापन अवसर पर बच्चों ने सीखे हुए मंत्र, श्लोक, चालीसा पाठ और प्रार्थनाओं का मौखिक एवं लिखित प्रदर्शन किया, जिसे देखने बड़ी संख्या में अभिभावक एवं परिवारजन पहुंचे। बच्चों की प्रस्तुति पर अभिभावकों ने संत-महात्माओं एवं गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। शिविर में आयु के आधार पर 5 से 9 वर्ष के बच्चों के लिए बाल वर्ग तथा 9 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए किशोर वर्ग बनाया गया। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान सहित पांच-पांच सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लखन भैया, आत्म प्रकाश खुराना, अविनाश संत, ऋषि, भरत एवं पुनीत सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रामसिंह चेतीवाल को मिली मानद डॉक्टरेट उपाधि



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** रामसिंह चेतीवाल को मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है। चेतीवाल को सीडरब्रुक विश्वविद्यालय यूएसए की ओर से समाज कार्य एवं संगठन प्रबंधन पर अध्ययन कार्य के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि दी गई है। रामसिंह चेतीवाल को यह उपाधि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने नई दिल्ली में प्रदान की । समाज कार्य और संगठन प्रबंधन, एक समाज कार्य एवं गैर लाभकारी क्षेत्रों में संगठनों के संचालन का समन्वित स्वरूप है। इसका उद्देश्य सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना, कमजोर वर्गो की सहायता करना और रणनीतिक नेतृत्व व प्रशासनिक कौशल के माध्यम से सामाजिक सेवाओं के कार्यक्रमों को प्रभावित ढंग से लागू करना विषय क्षेत्र आते हैं। रामसिंह चेतीवाल को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार, राजस्थान सरकार द्वारा राज्य अक्षर मित्र पुरस्कार, राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार व ब्रेवरी अवार्ड सहित कई पुरस्कार मिल चुके हैं। चेतीवाल मनोनीत पार्षद भी रह चुके हैं। इन्हें सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों का लंबा अनुभव है। रामसिंह चेतीवाल को मानद डॉक्टरेट उपाधि मिलने पर लोकप्रिय विधायक श्रवण कुमार, डॉ हरिसिंह सांखला, पूर्व वाइस चेयरमैन अध्यक्ष राजकुमार गोदारा, पूर्व सीएमएचओ डॉ. जीएल मौर्यए वरिष्ठ पार्षद महावीर प्रसाद सैनी, बुहाना उप प्रधान नीतू वर्मा, डीपी सैनी, विकास सिंह शेखावत, विजय चौधरी, हरिसिंह बड़सीवाल, पार्षद सांवरमल सैनी, सज्जन सैनी, चंद्रभान जांगिड़, सुरेश बडगुजर, जीएसएस अध्यक्ष रामजीलाल सैनी, वाल्मीकि युथ वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष विजय चंदेलिया, संजय योगी, रविकांत यादव सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई प्रेषित की।

# भागवत कथा में सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का किया वर्णन

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सांतवें दिन रविवार को सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि का वर्णन किया। समिति अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना, सावित्री देवी सिराधना, महामंत्री अभिषेक पारीक, उपाध्यक्ष एल एम जोशी की मुख्य यजमानी में कथा वाचक श्रीधाम बरसाना वाले पंडित बिशम्भर दयाल महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा से समझा जा सकता है। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे लेकिन द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं, इसपर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब भी भक्तों पर विपदा आई है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद् भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यू का भय निकल गया, तक्षक नाग ने राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण मोक्ष प्राप्त करते है। इस दौरान 35 किलो खीर के प्रसाद का भोग लगा कर श्रद्धांलूओं को प्रसाद वितरण कर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा संपन्न होती है। इस मौके पर मंदिर मंत्री विमल शर्मा, राजेश दौचानिया, संजय जिंदड़, रोहिताश्व स्वामी, राजेश नरवाल, रमेश कुमार, श्रवण सैन, सुमन तिवाड़ी, आचार्य गोविंद दास महाराज, मंजू जांगिड़, सज्जना देवी, बलबीर कौर, लक्ष्मी, बेला जोशि, रत्तना, बिमला कुमावत, अनिता देवी, आशा सैन, सावित्री देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का आनंद लिया।

# महंगाई, पेपर लीक व अव्यवस्थाओं के खिलाफ कांग्रेस का पैदल मार्च आज

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों, नीट पेपर लीक मामले, क्षेत्र में बिजली कटौती, पेयजल आपूर्ति में अव्यवस्था, सफाई व्यवस्था की बदहाली तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस आज सोमवार को झुंझुनू में पैदल मार्च निकालेगी। पीसीसी के निर्देशानुसार आयोजित इस विरोध प्रदर्शन का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गिडानिया एवं ब्लॉक कांग्रेस झुंझुनू के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह साढ़े 9 बजे अम्बेडकर पार्क, झुंझुनू से एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कांग्रेस पदाधिकारियों ने झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र के दोनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों, पंचायत एवं वार्ड अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों तथा अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों से अधिक संख्या में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की है।

# बुगाला से रवाना हुए गौभक्त आज पहुंचेंगे बागेश्वर धाम

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गौ संरक्षण एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से बुगाला गौशाला से बागेश्वर धाम तक विशाल पैदल यात्रा का आयोजन किया गया जो आज पूरा हो गया है। यात्रा का शुभारंभ 9 मई को शाम 7 बजे गोशाला बुगाला से किया गया। 780 किलोमीटर की पदयात्रा जो 23 दिनों में पूरी हुई। इस पदयात्रा में गौभक्त विजयपाल सिंह शेखावत एवं रवि शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे। यात्रा के माध्यम से गोसेवा, धर्म एवं भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। यात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक स्थानों के दर्शन किए व गोमाता संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक भी किया।

# वंदे गंगा अभियान कार्यक्रम में राज्य मंत्री सुथार ने की शिरकत

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान के अंतर्गत आज रविवार को नगर परिषद विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार के सनिध्य में नाथोतालाब स्थित ग्रीन स्पेस पार्क में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके तहत महिलाओं द्वारा कलश पूजा, कलश यात्रा, दीपदान, रंगोली, जलस्त्रोतों की सफाई एवं विभिन्न गतिविधियां हुई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता संतोष मेघवाल, पूर्व खनिज मंत्री खेमाराम मेघवाल, मंडल भाजपा अध्यक्ष विनय माटोलिया, भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप, एडवोकेट मनीष दाधीच, वैद्य भंवरलाल शर्मा, पवन माहेश्वरी आदि मंचस्थ रहे। कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। वहीं राज्य मंत्री व अन्य अतिथियों ने अभियान के महत्व को रेखांकित किया।

आयुक्त के निर्देशानुसार एस बी एम अभियंता भूपेन्द्र सिंह, स्टोर शाखा प्रभारी त्रिलोकचंद की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, आर आई मुन्नालाल मीणा, सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी, सुनील विश्नोई, देविका, यतेंद्र सिंह राठौर, कृष्ण शर्मा, सरिता, मनीषा और समस्त कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे। संचालन गौरव इंदोरिया ने किया।

# पूर्णिमा पर श्री श्याम गो सेवा परिवार ने किया पांच हजार लोगों को मिल्क रोज का वितरण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी को देखते हुए श्री श्याम गो सेवा परिवार समिति के तत्वावधान में रविवार को पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक विशाल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। समिति द्वारा श्रद्धालुओं, राहगीरों और आमजन के लिए ठंडे मिल्क रोज का वितरण किया गया, जिसे पीकर लोगों को इस तपती गर्मी में खासी राहत मिली। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र टेलर एवं रामचंद चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देव श्री खाटू श्याम बाबा को विधिवत भोग अर्पित कर और विशेष आरती के साथ की गई। इसके बाद राहगीरों और श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप मिल्क रोज बांटना शुरू हुआ। दोपहर तक चले इस आयोजन में करीब साढ़े चार से पांच हजार लोगों ने मिल्क रोज ग्रहण किया। ठंडे दूध के वितरण के दौरान भक्तों के उत्साह से पूरा वातावरण हारे के सहारे की जय और खाटू श्याम बाबा के जयकारों से भक्तिमय बना रहा।

पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर आयोजित सेवा कार्य में समिति के सभी सदस्यों ने पूरी निष्ठा और सेवा भाव से अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर समिति के रमेश चंद्र मेवाड़, हनुमान सहाय, अरुण शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, रामुदान चारण, अशोक प्रजापत, भंवरलाल, रामफूल, कन्हैया लाल लुगरिया, राशिद, विष्णु शर्मा, आजाद, सुनील कुमावत, किशोर लाल और गणेश नारायण समेत समिति के तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी मुस्तैद रहे।



स्थानीय लोगों और राहगीरों ने समिति की इस सराहनीय पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। भीषण गर्मी में प्यासे को पानी या शीतल पेय पिलाना ही सच्ची गो-सेवा और मानव सेवा है। बाबा श्याम की कृपा से समिति द्वारा ऐसे परोपकारी कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

## सम्पादकीय

### इंसाफ में देरी न हो...

# हाईकोर्ट्स को सुप्रीम कोर्ट की नसीहत, आदेश सुरक्षित रखने के बाद 3 महीने में फैसला



सुप्रीम कोर्ट ने न्याय में देरी रोकने के लिए सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि सुरक्षित रखे गए फैसले तीन महीने के भीतर सुनाए जाएं। जमानत याचिकाओं पर उसी दिन या अधिकतम अगले दिन फैसला देने को कहा गया है। साथ ही, सभी निर्णय 24 घंटे के भीतर वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि न्याय प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बन सके।

अदालती फैसलों में होने वाली देरी को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देश अहम हैं। इससे हाईकोर्ट में लंबित मुकदमों का बोझ कम होगा और न्याय तेजी से मिलेगा।

प्रक्रिया तेज होगी: चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि आदेश सुरक्षित रखने के बाद तीन महीने के भीतर फैसला सुना दिया जाए। इसी तरह, जमानत अर्जियों पर उसी दिन आदेश सुनाया जाना चाहिए और अगर फैसला सुरक्षित रखा भी जाता है, तो वह अगले दिन सुना दिया जाए। सभी जजमेंट 24 घंटे के भीतर हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया।

विशेष अवसर: सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए ये निर्देश दिए हैं। यह आर्टिकल पूर्ण न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट को व्यापक विवेकाधीन शक्ति देता है। यूं तो इसका इस्तेमाल विरले मौकों पर किया जाता है। लेकिन इस मामले में अनुच्छेद का उपयोग बताता है कि फैसलों में देरी किस तरह न्याय व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही है। समय पर हों फैसले: भारतीय अदालतों पर सबसे बड़ा आरोप यही रहा है कि यहां मुकदमे बरसों-बरस चलते रहते हैं और कई बार फैसला इतनी देरी से आता है कि उसका प्रभाव महसूस नहीं होता। ऐसे में ताजा निर्देश व्यवस्था को समयबद्ध बनाने की कोशिश है। पुरानी चिंता: पिछले साल मई में भी सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई थी कि झारखंड हाईकोर्ट ने 67 आपराधिक अपीलों में फैसला सुरक्षित रखा है। उस समय जो दो जजों की बेंच मामले को देख रही थी, उसमें जस्टिस सूर्यकांत भी थे। अदालत ने इस घटनाक्रम को चिंताजनक बताते हुए सभी हाईकोर्ट से लंबित फैसलों की जानकारी मांगी थी और कहा था कि वह कुछ अनिवार्य दिशा-निर्देश तैयार करेगी। आजादी सबसे अहम: इसमें जमानत का मामला बेहद संवेदनशील है। सुप्रीम कोर्ट कई मौकों पर स्पष्ट कर चुका है कि संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत मिला गरिमापूर्ण जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि अदालत से तो जमानत मिल जाए या सजा लंबित हो जाए, लेकिन बाकी औपचारिकताओं की वजह से देरी हो। सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देशों से जल्द इंसाफ मिलने की उम्मीद बंधी है। अगर ऐसा हुआ तो इससे न्यायपालिका पर भरोसा बढ़ेगा।

## विशेष आलेख

# कर्नाटक में बदलाव के बाद की चुनौतियां



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के त्यागपत्र देने के साथ ही उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के राज्य की कमान संभालने का रास्ता साफ हो गया। इससे शिवकुमार की तो चाहत पूरी हो गई, लेकिन यह कहना कठिन है कि कर्नाटक कांग्रेस में सब कुछ सामान्य होने जा रहा है या फिर राज्य की विभिन्न समस्याओं के समाधान की राह आसान हो गई है। सिद्दरमैया ने त्यागपत्र देने की घोषणा करते हुए यह कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने जैसा कहा, मैंने वैसा किया, लेकिन उन्होंने राज्यसभा आकर कांग्रेस की केंद्रीय स्तर की राजनीति में सक्रिय होने का आग्रह ठुकराते हुए कहा कि वे राज्य की राजनीति में ही सक्रिय रहेंगे।

चूंकि सिद्दरमैया जमीनी स्तर की राजनीति करने वाले नेता हैं और उनका अपना जनाधार है, इसलिए वे मुख्यमंत्री बनने जा रहे शिवकुमार के लिए चुनौती खड़ी कर सकते हैं। इसके नतीजे में वहां नए सिरे से गुटबाजी भी पनप सकती है, क्योंकि शिवकुमार के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल से सिद्दरमैया के कुछ समर्थक बाहर हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह स्वाभाविक ही है कि शिवकुमार अपने हिसाब से शासन से चलाएंगे और इसके लिए वे प्रशासन में भी पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थकों को किनारे कर सकते हैं।

इसके आसार कम ही हैं कि सिद्दरमैया अपने उत्तराधिकारी शिवकुमार के लिए खुला मैदान छोड़ेंगे, क्योंकि जमीनी राजनीति करने वाला कोई नेता अपना राजनीतिक वर्चस्व इतनी आसानी से नहीं छोड़ता। अपने देश में तो ऐसा और भी कम होता है। अपने यहां उम्रदराज नेता तब तक राजनीति से रिटायर ही नहीं होते, जब तक उन्हें बिल्कुल किनारे न कर दिया जाए। कांग्रेस सिद्दरमैया की उपेक्षा करने का जोखिम नहीं उठा सकती। शिवकुमार 2023 में तभी से मुख्यमंत्री पद के आकांक्षी थे, जब कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव जीता था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने वरिष्ठता के आधार पर सिद्दरमैया का चयन किया। शिवकुमार का दावा था कि उनके और सिद्दरमैया के बीच इसे लेकर सहमति कायम हुई थी कि दोनों ढाई-ढाई वर्ष तक सत्ता संभालेंगे। अपने इस दावे के अनुरूप वे पिछले काफी समय से मुख्यमंत्री पद हासिल करने का प्रयत्न कर रहे थे, लेकिन सिद्दरमैया पद छोड़ने को तैयार नहीं थे। आखिरकार कांग्रेस आलाकमान के दबाव में वे तीन वर्ष बाद मुख्यमंत्री पद छोड़ने को तैयार हुए। स्पष्ट है कि उन्होंने मजबूरी में पद छोड़ा।

कर्नाटक की तरह एक समय राजस्थान में भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच भी इसे लेकर खींचतना हुई थी कि दोनों के बाच ढाई-ढाई साल तक मुख्यमंत्री बनने की सहमति बनी थी। सचिन पायलट ने बहुत कोशिश की कि इस कथित सहमति के आधार पर उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी मिले, लेकिन अशोक गहलोत टस से मस नहीं हुए। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों को भी ठुकरा दिया। इस कारण सचिन पायलट एवं उनके बीच खींचतान जारी रही और कांग्रेस आलाकमान अंत समय तक कोई फैसला नहीं कर सका। ऐसा ही छत्तीसगढ़ में हुआ। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंह देव के बीच इसे लेकर झगड़ा होता रहा कि ढाई-ढाई साल तक सत्ता संभालने की बात हुई थी। यहां भी कांग्रेस नेतृत्व कोई फैसला नहीं कर सका। नतीजा यह हुआ कि इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की पराजय का एक कारण मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए खींचतान भी बनी।

कांग्रेस नेतृत्व ने पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह को विधानसभा चुनाव के करीब एक वर्ष पहले मुख्यमंत्री पद से हटने के लिए बाध्य किया, क्योंकि नवजोत सिंह सिद्धू उनके खिलाफ खड़े हो गए थे। हालांकि मुख्यमंत्री की कुर्सी उनके बजाय चरणजीत सिंह चन्नी को मिली। इसके चलते गुटबाजी को बढ़ावा मिला और विधानसभा चुनावों में इसका लाभ आम आदमी पार्टी ने उठाया।

कर्नाटक में दो वर्ष बाद चुनाव होने हैं। कहना कठिन है कि तब क्या होगा, लेकिन यह ध्यान रहे कि कर्नाटक में 1980 के बाद कोई भी सरकार सत्ता में नहीं लौटी है। शिवकुमार इस सिलसिले को तोड़ सकेंगे, यह कहना इसलिए कठिन है, क्योंकि कर्नाटक कई समस्याओं से घिरा है।

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु आइटी सिटी के रूप में विख्यात है, लेकिन इस समय बेंगलुरु के साथ देश भर का आइटी उद्योग समस्याओं से घिरा है। कर्नाटक में बेंगलुरु को छोड़कर एक दो शहर ही सही तरह विकसित हो पाए हैं। बेंगलुरु और शेष राज्य में जो आर्थिक असमानता दिखती है, वह यही बताती है कि सरकारों ने अन्य शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। कर्नाटक उसी तरह की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहा है, जैसे अन्य कई राज्य।

किसी भी दल के लिए कर्नाटक के लोगों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना इसलिए कठिन होता है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को संतुष्टि के नाम पर विकास के काम कम, लोकलुभावन योजनाओं पर अधिक ध्यान दिया जाता है। यह किसी से छिपा नहीं कि रेवड़ी राजनीति कर्नाटक के लिए एक समस्या बन गई है। लोकलुभावन योजनाएं पूरी करने के फेर में राज्य की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है।

# नासूर बना गतिरोध

अमेरिका और ईरान में कोई समझौता होने की संभावनाओं के बीच जिस तरह दोनों किसी सहमति पर भी पहुंचते नहीं दिख रहे हैं, उससे किसी के लिए भी कहना कठिन है कि बातचीत सही दिशा में चल रही है और पश्चिम एशिया संकट शीघ्र समाप्त होने वाला है। पिछले लगभग एक माह से कभी अमेरिका वार्ता के सही दिशा में जारी रहने की घोषणाएं करता है तो कभी ईरान अपने रुख में नरमी दिखाता है, लेकिन परिणाम शून्य है।

बीच-बीच में अमेरिका और ईरान, दोनों एक-दूसरे को धमकी भी देते रहते हैं। साफ है कि दोनों का एक-दूसरे के प्रति गहरा अविश्वास है और कथित तौर पर मध्यस्थता कर रहा पाकिस्तान संदेशों का आदान-प्रदान करने के अतिरिक्त और कुछ करने की स्थिति में नहीं।

इसका कोई खास मतलब नहीं कि दोनों देशों में युद्धविराम कायम है, क्योंकि वह होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित ही है, जिससे विश्व के पांचवें हिस्से की ऊर्जा आपूर्ति होती है। यह आपूर्ति करीब-करीब ठप होने के कारण ऊर्जा संकट गहरा गया है और उसका बुरा असर अमेरिका समेत सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। अब ट्रंप के उन दावों पर भरोसा करना कठिन हो रहा है कि ईरान समझौते के लिए तैयार है। वैसे समझौता न हो पाने के लिए केवल अमेरिका को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि ईरान भी इस जिद पर अड़ा है कि वह होर्मुज पर अपना आधिपत्य नहीं छोड़ेगा और अपने संवर्धित यूरेनियम को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। इसका अर्थ है कि वह परमाणु हथियार बनाने के इरादे का परित्याग नहीं करना चाहता। इसे कोई भी नहीं चाहेगा कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल करे। उसे न केवल परमाणु हथियार हासिल करने के इरादे को छोड़ना होगा, बल्कि होर्मुज पर नियंत्रण रखने की जिद भी छोड़नी होगी। होर्मुज एक स्वतंत्र समुद्री मार्ग है और ईरान को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता कि वह उसे अपनी निजी जागीर समझ ले अथवा वहां से गुजरने वाले जहाजों से टैक्स वसूले। यह अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों की अवहेलना करने वाली जिद है। ईरान यह दिखा रहा है कि पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से उसकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, पर सच यह है कि वह आर्थिक तबाही के मुहाने पर है। ऐसे में उसे अपनी जिद छोड़नी चाहिए। बदले में अमेरिका को भी उसे यह भरोसा दिलाना होगा कि उस पर फिर हमला नहीं होगा। दोनों देशों को यह समझना होगा कि उनके बीच का गतिरोध विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नासूर बन गया है। बहुत हो चुका।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों की ग्रोथ में मदद करेंगे सदाबहार के पत्ते, इस तरह से करें इस्तेमाल

लंबे, काले-घने, सुंदर और चमकते हुए बालों की चाहत कई महिलाओं और लोगों को होती है। लेकिन एक समय के बाद बाल अपनी मजबूती, घनापन और चमक खोने लगते हैं। ऐसा होने के कई कारण होते हैं। वैसे बालों की समस्या का सबसे बड़ा कारण प्रदूषण और शरीर में पोषक तत्वों की कमी को माना जाता है। ऐसे में कई लोग अपनी डाइट पर ध्यान देते हैं और बालों की केयर के लिए कई तरह के हेयर प्रोडक्ट यूज करते हैं। लेकिन इसके बाद भी कोई बदलाव बालों में नजर नहीं आता है। ऐसे में आपको चाहिए कि आप कुछ नेचुरल होम रेमिडीज या हेयर मास्क को आजमाकर देखें। सदाबहार के फूलों की ऐसी हेयर रेमिडीज या हेयर मास्क के बारे में बता रहे हैं। जिसके इस्तेमाल से आपके बालों की खोई हुई चमक और मजबूती लौट आएगी।

### सदाबहार फूल के गुण

प्रकृति में कई तरह के फूल खिलते हैं। इनमें से ही एक सदाबहार का फूल भी है, यह फूल पूरे साल खिलता है। साथ ही इसमें एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल प्रॉपर्टीज भी होती हैं। यही प्रॉपर्टीज आपके बालों की समस्या को दूर करने में मददगार साबित होती हैं।

### क्या होते हैं फायदे

अपनी एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल क्वालिटी के कारण सदाबहार का फूल कई हेयर प्रॉब्लम को दूर करता है। जब आप सदाबहार के हेयर पैक का इस्तेमाल अपने बालों पर करते हैं तो इससे ड्रैंड्रफ जैसी समस्या आसानी से दूर हो जाती है। जब ड्रैंडफ की दिक्कत दूर होती है तो आपके बालों की ग्रोथ बेहतर होने लगती है।



इसके अलावा सदाबहार के फूलों के हेयर मास्क लगाने से स्कैल्प में रक्त का प्रवाह भी बढ़ता है, जिससे बालों की कंडीशन बेहतर होने लगती है, यह पहले से ज्यादा स्वस्थ, चमकदार और घने हो जाते हैं। इसके अलावा जिन लोगों के बाल समय से पहले सफेद होने लगते हैं, उनकी दिक्कत को भी सदाबहार का फूल और पत्तियां दूर करते हैं।

### बालों की ग्रोथ के लिए सदाबहार के फूलों का इस्तेमाल कैसे करें?

- आप अपने बालों में सदाबहार के फूलों का इस्तेमाल कई तरीकों से कर सकते हैं।
- सदाबहार के फूलों को धूप में सूखा लें। बाद में इनका पावडर बना लें। इस पावडर को आप नारियल के तेल में मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। कुछ समय तक यह मास्क बालों मे लगे रहने दें। इसके बाद बालों को धो लें।
- आप सदाबहार के फूलों को, नीम की पत्तियों के साथ पीसकर हेयर मास्क या पैक बना सकते हैं। इसे आप अपने बालों की जड़ों पर अच्छे से लगाएं। इस हेयर पैक के कारण आपके बालों की चमक लौट आएगी और ड्रैंडफ जैसी समस्या भी दूर होगी।
- अगर आपके बाल सफेद हो रहे हैं तो आप सदाबहार के फूल और पत्तियों का इस्तेमाल कीजिए। इसके लिए आप एक बर्तन में पानी गर्म कीजिए और इसमें एक या दो चम्मच चायपत्ती मिलाकर उबाल लीजिए। इस पानी को ठंडा होने के लिए अलग रख दीजिए, बाद में इसी पानी में सदाबहार के फूल और पत्तियां मिलाकर पीस लीजिए। इस पेस्ट को बालों पर लगाएं, कुछ घंटों तक लगे रहने दें, इसके बाद बालों को धो लें। आप पाएंगे कि सफेद बालों पर काला रंग चढ़ गया है। यह हेयर पेस्ट एक तरह से नेचुरल हेयर ड्राई का काम करता है।

### किन बातों का रखें ध्यान


- बालों पर सदाबहार के हेयर मास्क या पैक लगाने के साथ आपको कुछ और बातों का ध्यान भी रखना चाहिए।
- बालों को उनके नेचर के हिसाब से वॉश करना चाहिए। जैसे ड्राय और कर्ल बालों को हफ्ते में दो बार धोएं। वहीं ऑयली हेयर को हफ्ते में तीन बार धोएं।
- बालों में इस्तेमाल होने वाली कंघी को भी साफ-सुथरा रखें। इससे कई तरह के स्कैल्प इंफेक्शन से आप बच जाएंगे।
- साथ ही साथ आपको खट्टे फल भी अपनी डाइट में खूब शामिल करने चाहिए। इनसे भी बालों की चमक और मजबूत बनी रहती है।

# हरा नहीं चेहरे पर लगाएं लाल एलोवेरा जेल, इन समस्याओं से मिलेगा छुटकारा

स्किन प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए आपने अब तक हरे रंग के एलोवेरा का इस्तेमाल किया होगा। कई लोग हरे एलोवेरा का फेस पैक बनाकर इस्तेमाल करते हैं, तो कुछ इसे जेल के तौर लगाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी चेहरे पर लाल एलोवेरा का इस्तेमाल किया है? जी हां पहले तो हम आपको बता दें कि एलोवेरा सिर्फ हरा नहीं होता है बल्कि लाल भी होता है। रेड एलोवेरा को ग्रीन एलोवेरा के मुकाबले काफी बेहतर माना जाता है। इसमें कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे पर होने पर समस्याओं को जड़ से खत्म करने में मदद करते हैं।

**एक्ने से दिलाता है राहत :** टीनएज में अक्सर लड़कियों के चेहरे पर पिंपल्स और एक्ने हो जाते हैं। इन समस्याओं से राहत पाने के लिए भी लाल एलोवेरा का इस्तेमाल किया जा सकता है। लाल एलोवेरा में पाए जाने वाले मिनरल्स और विटामिन स्किन पर गंदगी की वजह से होने वाले पिंपल्स को खत्म करने में मदद करते हैं।

**झुर्रियों को करता है खत्म :** लाल एलोवेरा जेल में कोलेजन पाया जाता है, जो बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर होने वाली झुर्रियों से राहत दिलाने में मदद करता है। जो लोग चेहरे की झुर्रियों को खत्म करने के लिए लाल एलोवेरा का इस्तेमाल करना चाहते हैं वो इसे फेस पैक में मिला सकते हैं। इसके अलावा लाल एलोवेरा जेल को सीधे भी चेहरे पर अप्लाई किया जा सकता है।



### चेहरे पर कैसे लगाएं लाल एलोवेरा जेल

#### सीधे करें अप्लाई

अगर आप डेली रूटीन में रेड एलोवेरा का इस्तेमाल करना चाहती हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप पहले रेड एलोवेरा का पत्ता तोड़ दें और उसे काटकर उसका जेल निकाल लें। अब आप अपने फेस को क्लीन करें और फिर इस जेल को अपने फेस पर लगाकर सो जाएं। अगली सुबह आप अपने चेहरे को पानी की मदद से धो दें।

#### बनाएं फेस टोनर

रेड एलोवेरा एक बेहतरीन फेस टोनर साबित हो सकता है। आप इससे घर ही एक टोनर बनाएं। सबसे पहले आप रेड एलोवेरा का पत्ता तोड़ दें और इसमें से जेल निकाल लें। अब इसमें आधा कप गुलाब जल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। आप इसे एक वाटर कंसिस्टेंसी में बना लें। अब आप इसे एक स्प्रे बोतल में डालें और हर बार फेस क्लीन करने के बाद इस टोनर से स्प्रे करें। आप टोनर की बोतल को फ्रिज में स्टोर कर सकती हैं।

# आंवला पाउडर और बादाम तेल से बालों को बनाएं मजबूत और चमकदार, इसे बनाने का तरीका



आज के दौर में बालों की समस्या से हर दूसरा व्यक्ति परेशान है। बालों का रुखापन और डैंड्रफ की वजह से बाल तेजी से कमजोर होने लगते हैं। साथ ही पोषण की कमी भी बालों की समस्या का एक मुख्य कारण होता है। इसके अलावा बालों में शाइन के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मौजूद हैं, जब आप इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं तो इनमें मौजूद हानिकारक कैमिकल आपके बालों को डैमेज करते हैं। लेकिन बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए आप घरेलू उपाय अपना सकते हैं। इन उपायों से आप बालों की ग्रोथ को बेहतर कर सकते हैं। बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए सदियों से आंवला और बादाम तेल का उपयोग किया जाता है। आंवला और बादाम तेल में प्रोटीन, फोलिक एसिड और विटामिन ई के अलावा अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं।

**दो मुंह बालों की समस्या को करें दूर :** आंवला और बादाम तेल से आप बालों को डैमेज होने से बचा सकते हैं। इन दोनों के हेयर मास्क से आप दो मुंहे बालों की समस्या से निजात पा सकते हैं। इससे बालों की स्कैल्प को पोषण मिलता है, जिससे बाल मजबूत बनते हैं और उसकी ग्रोथ तेजी से होते हैं।

**डैंड्रफ की समस्या को करता है दूर :** डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए आप आंवला और बादाम तेल का उपयोग कर सकते हैं। इन दोनों को मिलाकर बालों की जड़ों पर लगाने से स्कैल्प मॉइस्चर होती है, जिससे बालों की डैंड्रफ दूर होती है।

**बालों की ग्रोथ में सहायक :** आंवला और बादाम तेल से स्कैल्प की मसाज करने से सिर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने से बालों की जड़ों तक ऑक्सीजन पहुंचती है, जिसकी वजह से बालों की ग्रोथ तेजी से होने लगती है।

**बालों को सफेद होने से रोकें :** आंवला और बादाम तेल में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यह समय से पहले सफेद होने वाले बालों को नैचरुली ब्लैक बनाने में सहायक होता है।

## आज का राशिफल

**मेष**
अतिथियों का आवागमन होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। पारिवारिक सुख-शांति बरकरार रहेगी। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा।

**वृष**
सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी। भूमि व भवन की योजना बनेगी।

**मिथुन**
अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम उठाएं। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखना चाहिए। व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। संतान की प्रगति होगी।

**कर्क**
यात्रा में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। दु:खद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है। भागीदारी के कामों में सफलता मिलेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह**
प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। बाहर सहायता से काम होंगे। प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा। थकान रहेगी। शत्रु भय रहेगा।

**कन्या**
संतान पक्ष की चिंता रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें। व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है। सुख के साधन जुटेंगे।

**तुला**
कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होंगे। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है। वाद-विवाद से दूर रहें।

**वृश्चिक**
तीर्थयात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग में महत्व बढ़ेगा।

**धनु**
विवाद व जल्दबाजी से बचें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं। नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। धन का संग्रह होगा। मन प्रफुल्लित रहेगा।

**मकर**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है। रोमांस में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को शिक्षा में उपलब्धि हासिल होने के योग हैं।

**कुंभ**
प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रयास सफल रहेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी से बहस न करें। काम-धंधे में सफलता के शुभ संकेत हैं।

**मीन**
लेनदारी वसूल होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी। सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति करेंगे। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

# राजस्थानी फिल्म कुटुंब कबीलो का हुआ पोस्टर विमोचन




निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** कुमावत फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनने जा रही राजस्थानी फिल्म कुटुंब कबीलो का पोस्टर विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर हवामहल जयपुर विधायक बालमुकुंदाचार्य व फिल्म से जुड़े कलाकारों ने फिल्म के पोस्टर का विमोचन कर फिल्म की सफलता की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि आज के दौर में पारिवारिक मूल्यों और संस्कृति को दर्शाने वाली फिल्मों की आवश्यकता है। कुटुंब कबीळो फिल्म समाज को परिवार की एकता, संस्कार और रिश्तों का महत्व समझाने का कार्य करेगी। फिल्म निर्माता ने बताया कि फिल्म की कहानी ग्रामीण परिवेश और पारिवारिक परंपराओं पर आधारित है, जिसमें सामाजिक संदेश भी देखने को मिलेगा। पोस्टर रिलीज के दौरान फिल्म से जुड़े कलाकारों और समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा रविवार को नि: शुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर का 481 वां शिविर चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में लगाया गया। जिसमें श्रीमाथोपुर के अलावा पटवारी का बास, ढालियावास, लिसाडिया, नांगल, नाथुसर, कंचनपुर, होलियावास, अजीतगढ़, कांवट, खंडेला, होद, खेड़ी-जाजोद, जयरामपुरा सहित कई अन्य गाँवों के 105 मरीजों ने लाभ उठाया। इससे पहले कैंपो में 52 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया है। क्लब की ओर से इस तरह का शिविर माह के हर दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है। इसमें डॉ एस एल चौधरी द्वारा सभी तरह की पथरी, प्रोस्टेट, चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, टोंसिल्स, एलर्जी, माइग्रेन, फंगल इनफेंक्शन, जोडो का दर्द एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया तथा क्लब की ओर से 14 दिनों की दवाइयां नि:शुल्क दी गई। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि इस होमियोपैथिक शिविर में डॉ एस एल चौधरी के साथ क्लब पूर्व सहप्रान्तपाल गिरिराज कयाल, क्लब प्रेसिडेंट राजेंद्र प्रसाद कसेरा, विजय कुमार कसेरा एवं क्लब के और सदस्यों ने अपनी सेवाए दी।

## 28 लोग लाभान्वित

लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम दिवस आयोजित 59 वें शिविर में 28 लोगों की शुगर, ब्लड प्रेशर एवं वजन की नि:शुल्क जांच की गई। क्लब के सीताराम सैनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में डॉ महेंद्र प्रताप तिवारी ने मरीजों को नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया। जांच में शिवपाल योगी, महेंद्र शर्मा और जितेंद्र कुमार शर्मा ने सहयोग दिया। इस अवसर पर सीताराम सैनी और सागरमल हवाई मौजूद रहे।

# केरियर काउंसिल आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में हम कामगार समाज के तत्वावधान में पं. दिनदयाल उपाध्याय टाऊन हॉल में आयोजित केरियर काउंसिल का शुभारंभ संरक्षक श्रवण कुमार सोडा, अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल, मुख्य अतिथि सरदारशहर उपखंड अधिकारी रामकुमार, वर्मा, पड़िहारा अध्यक्ष नितिष हर्षवाल, राजलदेसर अध्यक्ष जयचंद महावर, हनुमानाराम मेघवाल, आदि ने मां सावित्रीबाई फुले, बाबासाहेब, विश्वकर्मा महाराज के चित्र फर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का आगाज किया। सचिव बृजदीपक स्वामी ने शाब्दिक स्वागत के साथ कृषि विज्ञान के संबंध में जानकारी दी। कम्प्यूटर साइंस विशेषज्ञ पवन मिलिंडा ने कम्प्यूटर के जमाने में इसकी महती आवश्यकता बताते हुए सभी इसका ज्ञान रखें। मुख्य अतिथि सरदारशहर उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। तारानगर राजकीय कन्या महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ अनामिका प्रजापत, जूनियर इंसट्रेकटर जे पी भाटी, शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार आलड़िया, राजकीय कालेज सीकर के सहायक प्रोफेसर डॉ थे डी सोनी, ला कालेज चूरू के प्राचार्य डॉ एस के सैनी, मेडिकल नर्सिंग कॉलेज चूरू के प्रिंसिपल बजरंग कुमार हर्षवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। संरक्षक श्रवण कुमार सोडा व हरिप्रसाद हर्षवाल ने आए हुए सभी अतिथियों व विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहनलाल सैनी, राजेंद्र कुमार नोखवाल, फकीर चंद दानोदिया, विरेन्द्र कुमार बुनकर, मदनलाल, किशनलाल हर्षवाल, जयचंद महावर, तुलसीराम प्रजापति, लाल चंद प्रजापत, मंगतुराम मंडिवाल, भंवरलाल सांवा, रामचंद्र प्रजापत, पूर्णमल दानोदिया, एडवोकेट पुनम, मंजू मारवाल, सत्यपाल बौद्ध, गौरीशंकर सैनी, मनोज कुमार मेघवाल, लालचंद पंवार, सुरेश घारू, नंदलाल सैनी, मंजू मारवाला, राजेन्द्र मारोठिया, मोहनलाल मंडार, अनिल कुमार सियोता, भंवरलाल पेंटर, सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखा राम तालणिया व वरिष्ठ अध्यापक अशोक वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

# श्री श्याम शरणम् आश्रम का शुभारम्भ, मानव सेवा का नया अध्याय प्रारंभ

विजेंद्र सिंह लमोरिया




**चिड़ावा ( नवयत्न )।** जनसहयोग से संचालित वृद्ध, असहाय, निराश्रित एवं जरूरतमंद प्रभुजनों की सेवा हेतु समर्पित श्री श्याम शरणम् आश्रम, चिड़ावा का भव्य शुभारम्भ रविवार को लोहार्गल पीठ के पूज्य महन्त अवधेशाचार्य महाराज एवं जिला कलेक्टर झुंझुनू डॉ अरुण गर्ग के करकमलों से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। आश्रम की प्रबंधक अंकिता सैनी ने जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि असहाय एवं जरूरतमंद वृद्धजनों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, स्वास्थ्य एवं सुख के साथ जीवन जीने का अधिकार है। उन्होंने आश्रम संचालन समिति को आश्वस्त किया कि आवश्यकता पड़ने पर वे व्यक्तिगत स्तर पर भी हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। पूज्य महन्त अवधेशाचार्य महाराज ने आश्रम की सफलता एवं जनकल्याण के लिए आशीर्वचन देते हुए कहा कि आदर्श समाज में वृद्धाश्रमों की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए लेकिन वर्तमान सामाजिक विसंगतियों के कारण ऐसे सेवा कार्य समय की मांग बन गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ एवं असहाय जनों को किसी भी परिस्थिति में उपेक्षा और कष्ट का सामना नहीं करना चाहिए। हाल ही में देश के श्रेष्ठ 100 जिला कलेक्टरों में नामित होकर सम्मानित होने पर डॉ अरुण गर्ग को कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की ओर से संजय शर्मा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वाणीभूषण प्रभुशरण तिवारी, पूर्व चेयरमैन गोपाललाल मिश्रा एवं संजय शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आश्रम की इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पुलिस अधीक्षक सुंदरलाल अरड़ावतिया ने की। उन्होंने कहा कि 82 वर्ष की आयु में उन्होंने चिड़ावा में ऐसा सामाजिक, मानवीय एवं पुण्य कार्य पहली बार देखा है, जो समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए एक नई उम्मीद बनकर सामने आया है।

आश्रम के निदेशक अनिल शर्मा भारती ने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्हें अपने पूज्य माता-पिता की प्रेरणा से इस सेवा कार्य का संकल्प मिला। उन्होंने कहा कि आपका थोड़ा-सा समय, सहयोग और संवेदना किसी जरूरतमंद व्यक्ति की पूरी जिंदगी बदल सकती है। उन्होंने बताया कि आश्रम की हेल्पलाइन 24 घंटे उपलब्ध रहेगी तथा आश्रम की रेस्क्यू टीम हर समय जरूरतमंद वृद्ध, असहाय एवं निराश्रित लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहेगी। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन कवि नागेन्द्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मूर्तिकार मातुराम वर्मा, महेश शर्मा आजाद, कर्मवीर कटेवा, डॉ लक्ष्मीकांत शर्मा, रामवतार जांगिड़, सुरेश जलिंद्र, मंजु, पवन शर्मा, डॉ अनिल अनमोल, रमेश शून्य, राजेंद्र ढाका, जय सिंह डूडी, संतोष सैनी, अरुण दधीच, अशोक शर्मा, सुभाष व्यास, देव चौधरी, महेश ढेढीया, आशीष अग्रवाल, चंद्र शेखर बागड़ी, रामचंद्र बागड़ी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। मानवता, करुणा और सेवा के इस पावन संकल्प के साथ श्री श्याम शरणम् आश्रम ने चिड़ावा क्षेत्र में जरूरतमंद वृद्धजनों के लिए सम्मान, सुरक्षा और अपनत्व का एक नया आश्रय प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से सहमे लोग



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर में गत सायं आकाशीय बिजली गिरने से सराफकुए के पास स्थित गोदावरी भवन की छत पर बनी पानी टंकी की पाइप लाइन एवं दीवार क्षतिग्रस्त हो गई तथा पाईप टूट गया। क्षेत्र में तेज आंधी के बाद शुरू हुई बूंदाबांदी के दौरान तेज धमाके के साथ बिजली उक्त भवन पर गिरी, जिससे पूरे शहर के लोग दहशत में आ गए। तेज चमक व गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिरने से लोगों में दहशत दिखाई दी। जब भवन पर बिजली गिरने की सूचना मिली, तो लोगों की भीड़ वहां एकत्रित हो गई। भवन के व्यवस्थापक भारतभूषण पारीक ने बताया कि बिजली से छत पर रखी पानी की टंकी एवं टेरिस की दीवार क्षतिग्रस्त हुई है और टंकी से जुड़ा पाईप लाईन अलग हो गई। दीवार क्षतिग्रस्त होने से मलबा रास्ते पर बिखर गया।

# झुंझुनू में टॉय ट्रेन से उठेगी बड़ी आवाज

## वंदे भारत की मांग का अनोखा प्रदर्शन 3 जून को




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा रेल सुविधाओं की मांग को लेकर एक अनोखा और प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया जाएगा। समिति 3 जून को अपराह्न 3:30 बजे झुंझुनू रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस की टॉय ट्रेन चलाकर सरकार का ध्यान क्षेत्र की ओर आकर्षित करेगी। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए एक विशेष वंदे भारत टॉय ट्रेन मंगवाई गई है, जिसे स्टेशन परिसर में चलाया जाएगा।

इस अनूठे प्रदर्शन का उद्देश्य शेखावाटी क्षेत्र में रेल सेवाओं की कमी को उजागर करना और केंद्र सरकार तक जनभावनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि देशभर में आधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का विस्तार तेजी से हो रहा है लेकिन वीरों और भामाशाहों की भूमि शेखावाटी को अब तक इस सुविधा से वंचित रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा स्टेशन प्रबंधक को रेलमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा जाएगा। इस मांग पत्र में प्रमुख रूप से जयपुर-हरिद्वार-जयपुर वाया रींगस, सीकर, झुंझुनू, लोहारू, दिल्ली मार्ग से प्रतिदिन वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मांग शामिल है, साथ ही अन्य 11 रेल सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांगें भी रखी जाएगी। समिति का कहना है कि प्रदेश और केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार होने के बावजूद शेखावाटी क्षेत्र की रेल जरूरतों की अनदेखी की जा रही है।

ऐसे में यह प्रदर्शन जनआवाज को बुलंद करने का प्रयास है ताकि क्षेत्र को भी आधुनिक रेल सुविधाओं का लाभ मिल सके। यह कार्यक्रम न केवल विरोध का प्रतीक होगा बल्कि शेखावाटी के रेल विकास के लिए एक नई मुहिम को भी गति देगा।

# बाईसा स्नेह मिलन समारोह में दिखी संस्कृति और परंपराओं की झलक

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीमाधोपुर इलाके के जोरावरनगर में आयोजित दो दिवसीय शेखावत बाईसा राज स्नेह मिलन सम्मेलन भावनाओं, अपनत्व और पारिवारिक रिश्तों के अनूठे संगम का साक्षी बना। वर्षों बाद अपने पीहर पहुंचीं बहन-बेटियां जब एक-दूसरे से मिली तो माहौल भावुक हो उठा।

किसी ने बचपन की सहेली को देखकर गले लगा लिया, तो किसी की आंखें पुराने दिनों की यादों से नम हो गईं। लंबे समय बाद हुए इस मिलन ने गांव की गलियों को भी मानो पुरानी स्मृतियों से जीवंत कर दिया। सम्मेलन में करीब 500 से अधिक बहन-बेटियों ने भाग लिया। विवाह के बाद देश के विभिन्न शहरों और राज्यों में बस चुकी महिलाएं अपने गांव और बचपन के साथियों के बीच पहुंचकर भावुक नजर आई। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव की बाईसाओं और बहुओं को एक मंच पर लाकर आपसी मेलजोल बढ़ाना तथा वर्षों पुराने रिश्तों को फिर से मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने अपने अनुभव और जीवन की यादें साझा की। सम्मेलन में राजपूती संस्कृति की शानदार झलक देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को रंगीन बना दिया। बहन-बेटियों के सम्मान में जेसीबी से पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद बग्गियों, ऊंट-घोड़ों और बैण्डबाजों के साथ भव्य नगर भ्रमण एवं रैली निकाली गई, जिसका ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। पूरे आयोजन में परंपरा, संस्कृति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। सम्मेलन की खास बात यह रही कि इसमें 80 वर्ष से अधिक उम्र की बहन-बेटियां भी शामिल हुई। गांव के पुराने लोगों और परिचितों से मिलकर उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। आयोजन में तीन पीढ़ियों की महिलाओं की एक साथ मौजूदगी ने इसे और भी यादगार बना दिया। यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि रिश्तों को संजोने और अपनी जड़ों से जुड़ने का भावनात्मक उत्सव बन गया।

# 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को कस्बे के ब्रह्मानंद बगीची में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। एक पुंसवन संस्कार भी किया गया, नशा मुक्ति दिवस के मौके पर पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी के सप्त आंदोलन के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। यज्ञ का संचालन धनपत राम जांगिड़, रमेश शर्मा ने किया। इस मौके पर दरिया सिंहए शिव भगवान शर्मा, गिरीश अग्रवाल, बलवंत सिंह, रणजीत बुडानिया आदि अनेक लोगों ने भाग लिया।

# हर पूर्णिमा पर होगा अखंड रामायण पाठ

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के बाइपास रोड पर स्थित सिद्धेश्वर महादेव आश्रम में धार्मिक जागृति का संचार करते हुए एक नई परंपरा का शुभारंभ किया गया है। पूर्णिमा के पावन अवसर पर आश्रम के महंत चेतन नाथ महाराज के सान्निध्य में अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया गया। शनिवार सुबह 9 बजे से शुरू हुआ यह पाठ 24 घंटे तक अनवरत चला। पाठ के दौरान भक्तों ने रामचरितमानस का सस्वर पाठ का वाचन किया। महंत योगी चेतन नाथ ने बताया कि आश्रम में अब हर माह की पूर्णिमा पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी युवा और सनातनी प्रेमियों को धर्म से जोड़ना और जागृति का संचार करना है। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आम के रस से भगवान भोलेनाथ का महाभिषेक किया गया। इस अवसर पर अभय नाथ, सुंदर नाथ, दीपक नाथ सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत नगरपालिका की पहल

## सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल व्यवस्था

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में रविवार को नगरपालिका की ओर से वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत नगर के सार्वजनिक स्थानों पर आमजन की सुविधा के लिए पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। नगरपालिका एसआई सुनील सैनी ने बताया कि जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान के दौरान जल बचाने का संदेश दिया जा रहा है। इसके अलावा नागरिकों से घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर पानी का सदुपयोग करने तथा जल की बर्बादी रोकने की अपील की गई।

अधिकारियों ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों का संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। नगरपालिका कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए तथा उनकी नियमित देखभाल और परवरिश का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यदि जल स्रोत सुरक्षित रहेंगे और हरियाली बढ़ेगी तो पर्यावरण संतुलित रहेगा तथा लोगों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। अभियान के माध्यम से लोगों को जल बचाने, वर्षा जल संचयन अपनाने तथा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। नगरपालिका की इस पहल की स्थानीय नागरिकों ने सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस दौरान नगरपालिका राजकीय उप जिला अस्पताल, बस स्टैंड सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की गई। इस मौके पर डॉ प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ रिपेंद्र सैनी, सुनील सैनी, राजवीर भरगढ़, दुर्गेश कुमार, मोहित सैनी, इदरीश कुरैशी, सलमान खान, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण : ऐतिहासिक तालाब की सफाई व पीपल पूजन किया

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** सूरजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत रविवार को शादीनाथ धूने पर ऐतिहासिक तालाब की साफ -सफाई, पीपल पूजन व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान जन-जागरूकता कार्यक्रम, प्लास्टिक मुक्त वातावरण का निर्माण, स्वच्छता एवं सघन वृक्षारोपण, जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद व महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत, नगर मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, महामंत्री संतोष कुमावत, मनोज शर्मा, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, पार्वती देवी, संगठन प्रभारी विधानसभा रोहतास फौजदार, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, सज्जन अग्रवाल, पार्षद राजेंद्र सोंकरिया, वर्षा सोमरा, शर्मिला डैला, मनोहर जांगिड़, राजपाल काजला, धर्मवीर चंदेलिया, हिमांशु गौत्तम, राजकुमार रोहिला सहित समस्त नगरपालिका कर्मचारी व बड़ी संख्या में कस्बेवासियों व जनप्रतिनिधियों ने संकल्प लिया।

## सात हजार की रिश्वत लेते यातायात प्रभारी एसीबी के हत्थे चढ़े

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की बारां टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए बारां यातायात प्रभारी एवं उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी और रेत के निर्बाध संचालन की एवज में मासिक बंधी की मांग कर रहा था। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार 25 मई को एक परिवादी ने शिकायत दी थी कि यातायात प्रभारी एवं उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश ने उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर उससे 27 हजार रुपये वसूल लिए तथा वाहन को बेरोकटोक चलाने देने के बदले 10 हजार रुपये मासिक रिश्वत की मांग की। शिकायत के सत्यापन के दौरान 26 मई को यातायात प्रभारी एवं उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश द्वारा 7000 रुपये रिश्वत मांगना प्रमाणित पाया गया। इसके बाद एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर उप महानिरीक्षक पुलिस अतिरिक्त प्रभार एसीबी कोटा रेंज ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा के नेतृत्व में उप अधीक्षक पुलिस प्रेमचंद एवं उनकी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए यातायात प्रभारी एवं उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश को परिवादी से सात हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

## पर्यावरण मित्र सम्मान-2026 से सम्मानित होंगे मनरेगा लोकपाल रैगर

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** लोकपाल मनरेगा चुरू लाल चन्द रैगर को विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 2026 को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर अग्रणी स्वयंसेवी संस्था कमलादेवी जनसेवा संस्थान सीकर के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर श्पर्यावरण मित्र सम्मान-2026 से सम्मानित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रैगर के द्वारा राजस्थान के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता, पक्षियों के लिए परिंडे लगवाने, जल संरक्षण की जागरूकता के साथ ही सामाजिक विकास के विभिन्न परियोजनाओं से जुड़कर समाज में शिक्षा की जागरूकता लाते हुए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, आदिवासी क्षैत्रों में शराबबन्दी आन्दोलन के माध्यम से शराब का सेवन नहीं करने हेतु समाज में बदलाव करने, वंचित वर्ग के समुदाय एवं श्रमिकों को उनके हक एवं अधिकार दिलवाने में मदद करने, युवाओं को नंशा के उपयोग से होने वाले शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थय पर पड़ने वाले प्रभावों को समझाने, खासतौर पर आदिवासी एवं गरीब परिवारों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण करने, किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण, पोषण की जागरूकता से सम्बन्धित कार्य किये है।

## 12 माह में 12 बार रक्तदान कर अधिवक्ता रणजीत राजपूत ने बनाया रिकॉर्ड



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के अधिवक्ता रणजीत राजपूत ने लगातार 12 महीनों तक 12 बार संपूर्ण रक्तदान कर अनूठा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें इंडिया बुक ऑफरिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफरिकॉर्ड्स की ओर से मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रणजीत राजपूत ने बताया कि उन्हें रक्तदान की प्रेरणा अपने माता-पिता से मिली। उनकी माता कैंसर से पीड़ति थीं, जबकि उनके पिता भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने कहा कि समाज में रक्तदान को लेकर कई भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। रक्तदान जीवनदान के समान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उनकी इस उपलब्धि ने मेडिकल जगत का भी ध्यान आकर्षित किया है। जानकारी के अनुसार अमेरिका और यूरोप की कुछ मेडिकल रिसर्च एवं फार्मा कंपनियां उनके स्वास्थ्य और रक्त संबंधी पहलुओं पर अध्ययन करने में रुचि दिखा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार 12 माह तक रक्तदान के बाद भी शरीर में हीमोग्लोबिन का संतुलन बनाए रखना असाधारण बात है। विशुद्ध शाकाहारी जीवनशैली अपनाने वाले रणजीत ने बताया कि उन्होंने कभी अंडे का सेवन भी नहीं किया। वे युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा शराबए तंबाकू एवं अन्य नशों से दूर रहने का संदेश देते हैं। रणजीत का यह कार्य जरूरतमंद मरीजों के लिए प्रेरणा और मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है।

## ममता की बैठक में 80 में 60 विधायक नहीं पहुंचे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को टीएमसी विधायकों की बैठक बुलाई थी, लेकिन 80 में से सिर्फ 20 विधायक ही पहुंचे। यह बैठक दोपहर 3 बजे कोलकाता के कालीघाट स्थित ममता के आवास पर होनी थी, लेकिन 60 विधायकों के नहीं आने पर बैठक टाल दी गई। टीएमसी प्रवक्ता कुनाल घोष ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी पर हुए हमलों के विरोध में 1 जून को राज्यभर में प्रदर्शन होना है। सभी विधायक इसकी तैयारी में व्यस्त थे। जो विधायक नहीं पहुंचे, उन्होंने पहले ही इसकी जानकार दे दी थी।

# पूर्णिमा पर गोविंद देवजी मंदिर में हुआ पंचामृत अभिषेक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिर गोविन्द देवजी महाराज में रविवार को श्रीमन्माध्व गौडेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में विविध धार्मिक आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुए। मंगला झांकी के पश्चात ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य कराया गया।

अभिषेक के बाद ठाकुर श्रीजी को सफेद रंग की धोती-दुपट्टा पोशाक धारण कराई गई तथा पुष्पों से निर्मित अलंकारों एवं आकर्षक मुकुट से विशेष श्रृंगार किया गया। राजभोग झांकी में सुबह सवा 115 बजे से पौने 12 बजे तक जल यात्रा उत्सव की विशेष झांकी के दर्शन हुए। इस अवसर पर ठाकुर श्रीजी एवं श्री राधारानी जी के करकमलों में स्वर्ण निर्मित पिचकारी धराई गई। ग्रीष्म ऋतु में शीतलता प्रदान करने के लिए खरबूजा, तरबूजा सहित विभिन्न ऋतु फलों तथा सिकरान-पूड़ी का विशेष भोग अर्पित किया गया। सत्य पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के मनोरथानुसार ठाकुर श्रीजी को छप्पन भोग भी समर्पित किए गए, जिनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन मंदिर पहुंचे। मंदिर प्रशासन के अनुसार जल यात्रा उत्सव श्रृंखला के अंतर्गत ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देवजी में अगले जलयात्रा दर्शन 6 जून को प्रात: 11:15 बजे से 11:45 बजे तक होंगे, जबकि मातेहत मंदिर श्री कुंजबिहारी जी में जल यात्रा झांकी के दर्शन 7 जून को सायं 6 बजे से 6:30 बजे तक कराए जाएंगे।

## भैरूजी महाराज के उमड़ा अस्था का जन सैलाब

श्रवण सारस्वत



**रींगस ( नवयत्न )।** रविवार को लोकदेवता भैरूजी महाराज के आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों भक्त अपने आराध्य देव की झलक पाकर भाव विभोर हो गये। अधिमाष होने के चलते इस बार क्षेत्र में आस्था की बहार बह रही है। लोकदेवता भैरूजी महाराज के शनिवार से ही भक्तों के उमड़ने का सिलसिला शुरू हुआ जो रविवार रात तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, छाया व पानी की मंदिर कमेटी की ओर सेव्यापक व्यवस्था की गई। मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुवालाल गुर्जर, मामराज गुर्जर, हरिराम गुर्जर, श्रवण गुर्जर, गिरधारी गुर्जर, फुलचन्द्र गुर्जर ने बताया कि अधिमास होने से भक्तो की भारी आवक रही। इस दौरान सुरक्षा, छाया, पानी व रोशनी की व्यापक व्यवस्था की गई। वहीं श्रद्धालु घंटो लाईनों में खड़े होकर अपने आराध्य देव के दर्शन कर प्रसादी का भोग लगाया तथा खुशहाली की मन्नते मांगी। भक्तों ने इस दौरान भैरूजी महाराज के पकवानों का भोग लगाया तथा बच्चों का मुण्डन संस्कार करवाया। अनेक भक्तों की जात दी गई। श्रद्धालुओं ने इस दौरान अनेक पारम्परिक रीतिरिवाजों का निर्वनह किया गया। भक्तों के आने का तांता रविवार रात तक जारी रहा। इस दौरान महावीर गुर्जर, शंकर गुर्जर, पप्पू गुर्जर, देवीलाल, विनोद सहित मंदिर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## इजराइल का लेबनान के 900 साल पुराने किले पर कब्जा

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में 900 साल पुराने ब्यूफोर्ट किले और आसपास की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया है। इजराइली अधिकारियों की ओर से रविवार को जारी तस्वीरों और वीडियो में किले पर इजराइली झंडे लहराते दिखाई दिए। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना ने आसपास के गांवों में कई दिनों तक चली भीषण लड़ाई और हवाई हमलों के बाद यह कामयाबी हासिल की है। अल जजीरा के मुताबिक पिछले 26 साल में इजराइल की लेबनान में सबसे बड़ी घुसपैठ है।

ब्यूफोर्ट किला 1982 से 2000 तक दक्षिणी लेबनान पर इजराइली कब्जे के दौरान उसकी सेना का एक प्रमुख सैन्य अड्डा था। 700 मीटर ऊंची पहाड़ी पर बने इस किले से दक्षिणी लेबनान के अलावा इजराइल के बड़े हिस्से पर नजर रखी जा सकती है। इसलिए इसका सैन्य महत्व बहुत ज्यादा माना जाता है। इजराइल और लेबनान के बीच 17 अप्रैल को सीजफायर का ऐलान हुआ था। इसके बावजूद इजराइल ने हमले जारी रखे हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इजराइल किसी संभावित अमेरिका-ईरान समझौते से पहले हिजबुल्लाह को अधिकतम नुकसान पहुंचाना चाहता है। इजराइल ने साल 1982 में ब्यूफोर्ट किले पर कब्जा किया था। 18 साल बाद उन्होंने इसे वापस लेबनान को सौंप दिया था।

## अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी की बैठक आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी की बैठक रविवार को किसान मजदूर भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष पूर्णाराम सरावग ने की। बैठक में अगस्त माह में तारानगर में आयोजित होने वाले राज्य सम्मेलन, बकाया फसल बीमा क्लेम, 765 केवी हाई टेंशन लाइन का मुआवजा, फाइनेंस कंपनियों की लूट कुर्की आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड निर्मल कुमार ने 21, 22, 23 अगस्त को तारानगर में होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारी व स्वागत समिति के गठन के बारे में जानकारी दी। पर्यवेक्षक जिला अध्यक्ष इंद्राज सिंह ने सरकारों की विफलता बताते हुए प्रदेश की विभिन्न मुद्दों पर एकजुट होकर आंदोलन करने का आह्वान किया। बैठक में 14 जून को तारानगर के इंद्रलोक भवन में स्वागत समिति का गठन करने का निर्णय लिया जिसकी तैयारियां बाबत सात सदस्य कमेटी का गठन किया गया। संचालक विक्रम सोनी ने किया। बैठक में उमराव सहारण, चिमनाराम पांडर, एडवोकेट मुकेश शर्मा, रमेश रामपुरा, काशीराम पूनिया, मनोहर लाल शर्मा, गोपीराम पुरोहित, विजयपाल गोस्वामी, नरेश घायल, दाताराम भाकर, सीताराम सहारण, श्योकरण भांभू, किशन शर्मा, नितेश उपाध्याय, धर्मपाल डागर आदि अनेक पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खादी भंडार कॉलोनी की मुश्किल हुई राह कीचड़ और झाड़ीदार रास्ता बना मुसीबत

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के खादी भंडार के पीछे स्थित कॉलोनी के निवासियों को लंबे समय से आवागमन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी तक पहुंचने वाला रास्ता झाड़ियों और कीचड़ से अटा होने के चलते लोगों के आने.जाने के लिए सुरक्षित मार्ग भी नहीं बचा। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को रोजाना झाड़ीदार एवं कीचड़युक्त रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। इस दौरान कीचड़ में फिसलकर गिरने, झाड़ियों के कांटों में कपड़े फंसने तथा झाड़ियों में छिपे जहरीले जीव-जंतुओं और आवारा पशुओं का भय लगातार बना रहता है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई बार लोगों को अपने बच्चों को गोद में उठाकर रास्ता पार करना पड़ता है।

**प्रशासन से समाधान की उम्मीद-** क्षेत्रवासियों के अनुसार बारिश के दिनों में समस्या और भी विकराल हो जाती है। यहां कच्चे रास्ते में बारिश का पानी भर जाने और कीचड़ होने से कॉलोनी के लोगों का आवागमन बंद हो जाता हैए जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की है। इस संबंध में नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी को समस्या से अवगत कराया गया। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए दो दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। क्षेत्रवासियों को अब उम्मीद है कि नगरपालिका शीघ्र कार्रवाई कर रास्ते की सफाई, झाड़ियों की कटाई तथा आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे जिससे उन्हें प्रतिदिन की मुसीबत से राहत मिल सके।

## गौवंशों के बीच मनाया जन्मोत्सव



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** युवाओं में धीरे धीरे गौवंशों को लेकर चेतना आ रही है। अब अपने जन्मदिन, पुण्यतिथि व अन्यधार्मिक कार्यक्रमों में पार्टी छोड़कर कर गौवंशो के बीच पहुंच रहे है। रविवार को शंकर लाल गुर्जर पुत्र पप्पू गुर्जर अपना जन्मदिन मनाने श्रीसीताराम गौशाला कुए वाली पर पहुंचे। इस दौरान उन्होने गौवंशो की भूख शांत करने के लिए एक ट्रोली तरबूज की भरी हुई लेकर पहुंचे। यहां पर अपना जन्मदिन मनाते हुए गौवंशों की पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने तरबूजों को अपने साथियों व संचालकों के साथ काट कर गौवंशो को खिलाया। इससे गौवंशो की भूख तो शांत हुई ही साथ ही भीषण गर्मी में उन्हे प्यास से भी कुछ समय तक राहत मिली। संचालक कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि आमजनों को अपने धार्मिक कार्यक्रम जन्मदिन, शादी की सालगिरह, अपनों की पुण्यतिथि सहित अनेक तिथियों पर गौवंशो की सहायता करते हुए उन्हें हराचारा खिलाना चाहिए। गौरतलब है कि युवा विकास मंच के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द शर्मा ने पांच साल पहले यह अनूठी पहल शुरू की थी इसके तहत हजारो लोग अपना जन्मदिन, शादी की सालगिरह गौशाला में मना रहे है।। इस दौरान ज्ञानचंद प्रहलादका, विजय सितमका, कमलकांत जोशी, रमेश कुमावत सहित कई लोग मौजूद थे।

# जैसलमेर में आया रेत का बवंडर, अलवर में बारिश

## आसमान में छाया धूल का गुबार; तीन दिन में पारा 12 डिग्री तक गिरा

जयपुर।

राजस्थान के जैसलमेर में रविवार शाम को फिर से बवंडर उठा। आसमान में दूर से ही धूल का गुबार दिखाई देने लगा, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ता दिखा। सुल्ताना और मोहनगढ़ क्षेत्र में अंधड़ से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं अलवर में शाम को तेज बारिश हुई।

इससे पहले शनिवार को धूल के गुबार के कारण कई शहरों में दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया। आंधी की रफ्तार इतनी खौफनाक थी कि किशनगढ़ हवाई अड्डे पर हवा की अधिकतम गति 102 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। पिछले 3 दिन में कई शहरों का पारा 12 डिग्री तक गिरा है।

उदयपुर में शनिवार रात करीब 10 बजे आंधी-तूफान आया। एक-डेढ़ घंटे तक हालात इसी तरह के रहे। कई पेड़ गिर गए। शहर के सुंदरवास रोड पर पेड़ गिरने से बाइक सवार बाल-बाल बच गए। इसमें एक बाइक दब गई। बाइक सवारों ने पीछे भागकर जान बचाई। नौतपा में देश के कई हिस्सों में तापमान 45डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। हाई टेम्परेचर और ह्यूमिडिटी बैक्टीरिया और फंगस के पनपने के लिए अनुकूल माहौल बनाते हैं। इससे दाद, खुजली और रैशेज जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। ऐसे में जरूरी है कि समय रहते लक्षणों को पहचानकर बचाव के सही उपाय किए जाएं।

### आंधी के साथ बिजली गुल हुई

जैसलमेर में भारत-पाक बॉर्डर से लगते रामगढ़ में रेत का बवंडर आया। कस्बे में आई काली पीली आंधी से अंधेरा छा गया। आंधी के साथ ही बिजली गुल हो गई।



### जैसलमेर जिले में आया रेतीला बवंडर

जैसलमेर के सुल्ताना और मोहनगढ़ क्षेत्र में आज फिर से बवंडर उठा। आसमान में दूर से ही धूल का गुबार दिखाई देने लगा, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ता दिखा।

### बीकानेर समेत कई शहरों में आया रेत का बवंडर

शनिवार को बवंडर का सबसे ज्यादा असर चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, नागौर, डीडवाना-कुचामन, अलवर और सीकर एरिया में रहा। यहां 80किमी. से भी ज्यादा गति से हवा चली। पूरा एरिया धूल के गुबार में ढक गया। बीकानेर, चूरू में तो दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रात जैसा अंधेरा छाया रहा। बीकानेर के लूणकरणसर, बज्जू, चूरू के सरदारशहर के एरिया में आसमान लाल-पीला हो गया था।

### 20 शहरों में पारा 40 डिग्री से नीचे रहा

आंधी-बारिश, ओलावृष्टि से शनिवार को राज्य के 20 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। सबसे अधिक अधिकतम तापमान फलोदी में 42.6 डिग्री दर्ज हुआ। जैसलमेर में 41.4, बाड़मेर में 40.7, चूरू में 40.4, बीकानेर, कोटा में 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शेष सभी ?शहरों में तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा। सबसे कम गर्मी हनुमानगढ़ में रही, जहां अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री दर्ज हुआ।

### तीन दिन में पारा 12 डिग्री तक गिरा

श्रीगंगानगर, जयपुर, अलवर, हनुमानगढ़ में आंधी-बारिश के कारण तापमान में 9 से 12 डिग्री तक तापमान में गिरावट हुई। 27 मई को इन शहरों में जबरदस्त गर्मी थी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण का प्रसारण शहर के वार्ड संख्या 31 में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने वाला सशक्त मंच है। कार्यक्रम में दिए गए संदेश समाज को जागरूक, जिम्मेदार और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का कार्य करते हैं। विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, लक्ष्मीनारायण चंगोईवाल, गिरधारी बाजोरिया, महावीर खेतान, पवन सराफ, बालकृष्ण पौद्दार, महावीर रामगडिया, श्याम खेमका, प्रदीप भरतिया, प्रेम सराफ, नरेश सराफ, अनिल लाटा, राकेश रुन्थला, मदन सुरेका, अनिल भरतिया, वासुदेव सिन्धी, राजकुमार चौधरी, योगेश दायमा, सूर्यांश शर्मा, अनु रुन्थला, प्रभुदयाल डामा, श्वेता चंगोईवाल, मीरा सिन्धी, सुशीला देवी, निर्मला चंगोईवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बारह लाख की नकबजनी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब दस माह पूर्व गणगौरी बाजार क्षेत्र में हुई 12 लाख रुपए की नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर और आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से 4 लाख रुपए नकद तथा वारदात में प्रयुक्त सरिया, पेचकस सहित अन्य उपकरण बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ जयपुर और दौसा में चोरी एवं नकबजनी के 16 से अधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राकेश चौहान 40 निवासी सिकंदरा दौसा तथा करधनी जयपुर है। पूछताछ में सामने आया कि वह करीब छह माह पहले जेल से जमानत पर छूटकर बाहर आया था और फिर से चोरी की वारदातों में सक्रिय हो गया। चोरी की रकम वह महंगे होटलों में ठहरने, शराब और मौज-मस्ती में खर्च कर देता था। पुलिस के अनुसार आरोपी रात में चोरी की स्कूटी पर सवार होकर बाजारों में पहुंचता था और सरिया व पेचकस की मदद से दुकानों के ताले तोड़कर अंदर घुसता था। वारदात के बाद वह स्कूटी को लावारिस छोड़ देता और दूसरी चोरी की स्कूटी का इस्तेमाल करता था। पूछताछ में आरोपी ने रामगंज, कोतवाली, संजय सर्किल, शास्त्रीनगर और माणक चौक थाना क्षेत्रों में दर्जनों चोरी और नकबजनी की वारदातें करना स्वीकार किया है। उसके खिलाफ वर्ष 2012 से 2025 तक नाहरगढ़, मुरलीपुरा, झोटवाड़ा, करधनी, शिप्रापथ, चित्रकूट, विधायकपुरी, बजाज नगर, सांगानेर, लालसोट सहित विभिन्न थानों में 16 से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों और चोरी के माल की बरामदगी के संबंध में पूछताछ कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी राजेश गौतम के नेतृत्व में टीम रात्रि गश्त कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। राजस्थान पुलिस के राजकॉप एप पर उसकी फोटो स्कैन करने पर उसका आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने अगस्त 2025 में चीनी की बुर्ज, छोटी चौपड़ स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर 12 लाख रुपए नकद और पांच पीपे तेल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने वारदात के समय की सीसीटीवी फुटेज से आरोपी के हुलिए का मिलान किया। जो पूरी तरह मेल खाने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सभी संभागियों को दिलाई शपथ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय, सीकर के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। रेलवे स्टेशन सीकर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष मामराज शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षाविद् मेघ सिंह दुल्लड़ तथा व्यवसायी एवं समाजसेवी विजय अग्रवाल का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मामराज शर्मा ने कहा कि तंबाकू सेवन के कारण प्रतिवर्ष लाखों लोग असमय मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से तंबाकू एवं अन्य नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए विश्व तंबाकू निषेध दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही रेल यात्रियों को भी तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बड़ा तालाब, सीकर एवं मारू पार्क में भी जनसाधारण के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्काउट-गाइड एवं रेंजर्स बालिकाओं ने गाइड गायत्री के नेतृत्व में मत पियो सा विषयक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से दर्शाया। संभागियों द्वारा भाषण प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता बसंत कुमार लाटा ने उपस्थित लोगों को परिवार एवं समाज से धूम्रपान और नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज में फैली नशाखोरी के विरुद्ध जनजागरण का आह्वान किया। कार्यक्रम में धुआं मना उड़ावे रे, बीड़ी मजा ना देगी, जर्दा मजा ना देगा गीत की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों को धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही पोस्टर, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

## जारी रहा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में रविवार को भी जिले के सभी 21 चार्ज क्षेत्रों में नियुक्त प्रगणक घर-घर पहुंचकर जनगणना सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने में जुटे रहे। रविवार को रतनगढ़, सरदारशहर, भानीपुरा सहित जिले के अन्य चार्ज क्षेत्रों में नियुक्त चार्ज अधिकारियों ने फील्ड स्तर पर पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से संवाद कर कार्य की प्रगति, डेटा संकलन की गुणवत्ता तथा निर्धारित प्रोटोकॉल की अनुपालना का जायजा लिया। अधिकारियों ने घर-घर जाकर किए जा रहे सर्वेक्षण की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए सावधानी पूर्वक भवन क्रमांक जारी करने सहित अनेक आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध, त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो सके। जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करते हुए प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जिले एवं देश के विकास की योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें। गौरतलब है कि 16 मई से चूरू जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य जनसहयोग के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

## सांड के हमले में एएनएम की मौत

नंदलाल गौड़

**लोसल ( नवयत्न )।** लोसल के नजदीक नेछवा पुलिस थाना इलाके के झाझड़ गांव में सांड के हमला से एक महिला की मौत हो गई। सांड ने पीछे से हमला किया जिससे एएनएम को संभलने का मौका ही नहीं मिला और उठाकर पटक दिया। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा नेछवा पुलिस थाना इलाके के झाझड़ गांव में शनिवार को दोपहर तीन-साढ़े तीन बजे लगभग हुआ। जिसमें एएनएम मधु जांगिड़ पत्नी अमित जांगिड़ निवासी दीपपुरा चारणान की इस हादसे में मौत हो गई। पति विदेश में नौकरी करते हैं। एएनएम मधु जांगिड़ अपने पीहर जा रही थी। गांव के बस स्टैंड पर उतरने के बाद अपनी चचेरी बहन के साथ घर की तरफ जा रही थी। घर पहुंचने से पहले सांडशाला के पास बाहर घूम रहे सांड ने एएनएम मधु जांगिड़ को उठाकर पटक दिया। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया ।

# स्वामी समाज की मासिक बैठक संपन्न



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** रविवार को चुना चौक रानी सती मार्ग स्थित गौ संवर्धन संस्थान कार्यालय पर स्वामी समाज की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हनुमान प्रसाद मलसीसर ने की। बैठक में सर्वसहमति से एडवोकेट राहुल स्वामी मलसीसर को जनपद विधिक सलाहकार बनाया गया, जिस पर उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने एडवोकेट राहुल स्वामी का दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें मुख्य बिंदु समाज की कार्यकारिणी के चुनाव करवाना व चुनाव से पूर्व सदस्यता अभियान चलाना, 2025-26 में समाज के प्रतिभावन छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना जैसे विषयों पर सहमति बनी।

गोपीराम सुल्ताना ने समाज में बढ़ती उम्र में भी विवाह नहीं होने पर चिंता व्यक्त की व कहा की समाज में जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों का सही उम्र में विवाह करने के लिए समाज को प्रेरित किया जाए। प्रवीण स्वामी ने समाज के गिरते हुए शिक्षा स्तर को सुधारने व भूमाफियायों द्वारा मंदिर माफी/डोली भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त की। उक्त बैठक में मुख्य रूप से जनपद कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष स्वामी, सह कार्यकारी अध्यक्ष संजय स्वामी, मनीष स्वामी, कमल स्वामी, इन्द्र स्वामी, हरीश स्वामी, दीपक स्वामी, धर्मपाल स्वामी, सुनील स्वामी, संजय स्वामी सुल्ताना, रामजी दास स्वामी उदयपुरवाटी, अंजनी स्वामी, सुरेन्द्र स्वामी, दिलीप स्वामी झाझड़, प्रेम स्वामी आदि उपस्थित रहे।

# अणुव्रत के संस्कारों से होगा सशक्त समाज का निर्माण : मुनिश्री कमल कुमार

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय पीएमश्री केसर देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समर कैंप का समापन समारोह रविवार को मुनिश्री कमल कुमार एवं मुनिश्री जितेंद्र कुमार के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनिश्री कमल कुमार ने कहा कि अणुव्रत केवल एक आंदोलन नहीं बल्कि मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने का एक सशक्त माध्यम है। वर्तमान समय में नैतिक मूल्यों के क्षरण और बढ़ती सामाजिक चुनौतियों के बीच अणुव्रत के सिद्धांत मानवता को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि बचपन से ही बच्चों में सत्य, अहिंसा, ईमानदारी, अनुशासन और नैतिकता के संस्कार विकसित किए जाएं तो वे न केवल अच्छे विद्यार्थी बनेंगे बल्कि आदर्श नागरिक भी बनेंगे। मुनिश्री जितेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं बल्कि जीवन को सार्थक और समाजोपयोगी बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने, नशामुक्त जीवन अपनाने तथा डिजिटल युग में विवेकपूर्ण आचरण रखने की प्रेरणा दी। समारोह में उपस्थित शांतिलाल बैद व शिवशंकर बोहरा ने भी अणुव्रत आंदोलन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों से जुड़ने का संदेश दिया।



# त्रिदिवसीय तेरापंथ किशोर मण्डल का अधिवेशन गुरु सान्निधि में सम्पन्न

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सुधर्मा सभा में आयोजित प्रात:कालीन मुख्य मंगल प्रवचन कार्यक्रम में उपस्थित आचार्यश्री महाश्रमण ने निर्धारित विषय ज्यादा तेज न चलें के आधार पर पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि सामान्यतया साधु को ज्यादा तेज नहीं चलना चाहिए। कोई कठिनाई अथवा विशेष परिस्थिति की बात अलग है, किन्तु साधु को ज्यादा तेज नहीं चलना चाहिए। ज्यादा तेज चलना जीव विराधना का कारण बन सकता है।

जितना संभव हो सके, पैरों से ही चलने का प्रयास होना चाहिए। पदयात्रा में ईर्या समिति की जितनी अच्छी पालना हो सकती है, साधना का प्रयोग करने वाले को तो बिल्कुल भी नहीं होती। द्रुत गति से चलने वाला साधु पाप श्रमण की श्रेणी में आ सकता है। साधु के लिए सुन्दर बताई गई है कि साधु को द्रुत गति से चलने से बचने का प्रयास होना चाहिए। साधु की गति मंद और सुन्दर होनी चाहिए। प्रवचन के उपरान्त मुनि नमिकुमार ने आचार्यश्री से 42 की तपस्या का प्रत्याख्यान किया। आचार्यश्री ने उन्हें मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। आचार्यश्री की मंगल सन्निधि में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्त्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद का त्रिदिवसीय 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम का मंचीय उपक्रम रहा। इस संदर्भ में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन माण्डोत, सौरभ पटावरी, मयंक धाकड़ ने अपनी अभिव्यक्ति दी। अधिवेशन में सम्मिलित किशोरों ने गीत का संगान किया। आचार्यश्री ने किशोरों को पावन पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद से जुड़ा हुआ यह किशोर मण्डल है। जानकारी मिली कि चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा में किशोरों का अपना योगदान है।



## स्टेट ऑब्सटेट्रिशियन एंड गाइनोकोलॉजिस्ट सोसायटी गठित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों का राज्य स्तरीय सम्मेलन रविवार को जयपुर के होटल होलीडे-इन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ शामिल हुए और चिकित्सा क्षेत्र में आ रहे नवाचारों एवं नई तकनीकों पर विचार.विमर्श किया।

सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से स्टेट ऑब्सटेट्रिशियन एंड गाइनोकोलॉजिस्ट सोसायटी, राजस्थान का गठन कर इसका शुभारंभ किया गया।

सभी सदस्यों की सहमति एवं अनुशंसा पर डॉ. लीला व्यास को अध्यक्ष, डॉ. प्रेमलता मित्तल एवं डॉ. आशा वर्मा को उपाध्यक्ष तथा डॉ. सुधा गांधी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संस्था की सचिव डॉ. नूपुर ने बताया कि सोसायटी के माध्यम से स्त्री एवं प्रसूति रोग चिकित्सा से जुड़ी नई तकनीकों और शोध कार्यों पर नियमित चर्चा की जाएगी। साथ ही आमजन को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करने तथा महिला स्वास्थ्य के प्रति जनचेतना बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संस्था की भावी गतिविधियों और कार्ययोजना पर भी सम्मेलन में विस्तार से चर्चा की गई।



## शादी के दो दिन बाद गहने और नकदी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन

**जयपुर ( नवयत्न )।** चौमूं थाना क्षेत्र में शादी के महज दो दिन बाद ही दुल्हन के लाखों रुपए के गहने और नकदी लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दूल्हे ने नई नवेली दुल्हन के खिलाफ चौमूं थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी हरवेंद्र सिंह ने बताया कि चौमूं निवासी युवक एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। उसी कंपनी में आरोपी युवती ग्राफिक डिजाइनर के रूप में कार्य करती थी। वर्ष 2024 से एक ही कंपनी में नौकरी करने के दौरान दोनों के बीच परिचय हुआ और बाद में दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। पीड़ित के अनुसार युवती ने ही उसे शादी का प्रस्ताव दिया था। दोनों परिवारों की सहमति के बाद 8 मई को विवाह संपन्न हुआ। शादी के बाद युवक दुल्हन को अपने घर ले आया। 10 मई को परिवार की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन भी किया गया। इस दौरान परिवार ने दुल्हन को सोने का सेट, हार, चूड़ियां, झुमके सहित अन्य आभूषण उपहार में दिए थे

# जन्म दिवस पर किया सम्मान

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में पेंशनर समाज भवन में मई माह में जन्म दिवस वाले पेंशनर्स का सम्मान समारोह सत्यनारायण सेवदा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुकुंदाराम नेहरा, ओम प्रकाश इंदौरिया मंचासीन अतिथि थे। कार्यक्रम का प्रारंभ सामूहिक प्रार्थना से किया गया । प्रभुदत्त माली, महेंद्र कुमार शर्मा और सत्यनारायण शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी । रामदेव शर्मा, ओम प्रकाश जांगिड़, मुकुंदा राम नेहरा, ओ. पी. इंदौरिया ने कार्यक्रम को संबोधित किया। चंद्र प्रकाश शर्मा, रामचंद्र पूनिया, पांचराम मेघवाल, नोपाराम, मुकुंदाराम नेहरा, वेद प्रकाश पंवार, ओमप्रकाश माली, भंवरलाल नाई, गोविंद सिंह चौहान, सुगनचंद, धनराज स्वामी, शंकर लाल, श्याम सुंदर भोजक और ओमप्रकाश इन्दौरिया का इस माह में जन्मदिवस होने पर माला पहनाकर, तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर सम्मान किया गया। एडवोकेट रामावतार ठठेरा, प्रभुदत्त माली और सत्यनारायण शर्मा ने पेंसनर समाज को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा ने सभी का आभार प्रकट किया।

## घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू परिवारों के सर्वे के लिए विशेष अभियान प्रारम्भ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर तथा मुख्यमंत्री द्वारा राजउन्नति की चतुर्थ बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में जिले के घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू परिवारों को आवास एवं पट्टों की सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से नगर परिषद सीकर द्वारा विशेष सर्वे अभियान प्रारम्भ किया गया है। अभियान के तहत नगर परिषद क्षेत्र में निवासरत घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू परिवारों का सर्वे कर पात्र परिवारों की पहचान की जाएगी ताकि उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। इस कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए नगर परिषद सीकर द्वारा एक सर्वे समिति का गठन किया गया है। समिति में सहायक अभियंता प्रवीण चौधरी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है जबकि नरेन्द्र कुमार नट, शहरी रोजगार केन्द्र प्रभारी जगदीश सिंह जाखड़, कनिष्ठ अभियंता सुरेन्द्र भास्कर, कनिष्ठ अभियंता पिंकी मीणा, निधि चौधरी एवं नीतू कमावत को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति द्वारा शहर की कालबेलिया बस्ती एवं लुहार बस्ती योजना नगर पालवास रोड, रानी सती क्षेत्र की नट बस्ती तथा बस डिपो स्थित बंजारा बस्ती सहित अन्य घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू बस्तियों का सर्वे किया जा रहा है। नगर परिषद सीकर के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप समाज के वंचित एवं आवासीय सुविधाओं से वंचित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए यह महत्वपूर्ण अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वे के माध्यम से पात्र परिवारों की सही पहचान सुनिश्चित कर उन्हें आवासए पट्टा एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। वरिष्ठ आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता संवेदनशीलता एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए, जिससे कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## दो दिवसीय बाईसा भुवासा स्नेह मिलन समारोह आयोजित



निसं

**कांवट ( नवयत्न )।** जोरावर नगर में राजपूत समाज द्वारा गांव की बहन, बेटियों व भूवासाओ का दो दिवसीय स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें राजपूत समाज ने दूर दराज अपने ससुराल में रह रही गांव की सभी बाईसा भुवासा बहन बेटियों को निर्यत्रित कर उनका मान सम्मान कर समाज की पारंपरिक वेशभूषा संस्कृति लोकगीतों का समावेश कर समाज में फैली कुरितियां त्याग कर अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कार्यक्रम के माध्यम से गांव की बहन बेटियों को एक मंच पर लाकर उनका संवाद, सुझाव, पुरानी यादें ताजा करना, जुड़ाव, नई पीढ़ी को प्रेरणा देना, वर्तमान मुद्दों पर आधारित बोद्धीक चर्चा साझा कर मूल विचार धारा से समाज को जोड़ना उद्देश्य रहा।

समारोह की मूल विचारधारा व उद्देश्य एक अच्छे शसक्त समाज का निर्माण करना बताया। इससे पहले गांव में जनजागृति यात्रा निकाली गई, जो सभी मंदिरों से होकर गुजरती हुई पर पुष्प वर्षा की गई। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी बाईसा भुवासाओ का बेश व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी बाईसा भुवासाओ को पंगत प्रसादी देकर भोजन कराया।

## पेपर लीक माफिया पर कार्रवाई का राजस्थान मॉडल पूरे देश में लागू हो : ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए राजस्थान में लागू व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने की मांग की है। पत्र में राजस्थान को विकास की राह में मॉडल प्रदेश घोषित करने पर प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा गया कि जयपुर जिला प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा अपना, गए तंत्र को पूरे देश में लागू कर पेपर लीक मुक्त राष्ट्र की अवधारणा को साकार किया जा सकता है। नाडार ने पत्र में उल्लेख किया कि राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान पेपर लीक रोकने के लिए एसओजी हेल्पलाइन, टेली मानस हेल्पलाइन तथा विभिन्न परीक्षा एजेंसियों की हेल्पलाइन से छात्रों को जोड़ने जैसे प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उनका दावा है कि इन व्यवस्थाओं के कारण राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है तथा पूर्व में हुए पेपर लीक और नकल प्रकरणों का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने युवा बेरोजगारों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लिया है। उनके अनुसार पेपर लीक और नकल प्रकरणों से जुड़े एक हजार से अधिक आरोपियों एवं दलालों को जेल भेजा जा चुका है। नाडार ने प्रधानमंत्री से मांग की कि पेपर लीक रोकने और छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित हेल्पलाइन नंबर दसवीं कक्षा से ऊपर के प्रत्येक विद्यार्थी के पहचान पत्र पर अंकित करना अनिवार्य किया जाए। नाडार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा नीट परीक्षा को रद्द कर पुन: आयोजित करने के निर्णय को साहसिक और ईमानदार कदम बताते हुए उसकी सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय विद्यार्थियों के हित में लिया गया और इससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है। नाडार ने कहा कि राजस्थान सरकार युवाओं को जागरूक और सशक्त बनाते हुए उन्हें पेपर लीक जैसी अनियमितताओं के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने दावा किया कि हेल्पलाइन व्यवस्था के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों पर गोपनीयता के साथ त्वरित कार्रवाई की जा रही है, जिससे परीक्षा माफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगा है।

## मृतक की हुई शिनाख्त

निसं

**सुजानगढ ( नवयत्न )।** गत दिवस को खानपुर फाटक के पास रेलगाड़ी की चपेट में आने से हुई युवक की मौत के मामले में युवक की पहचान रामरतन स्वामी 19 पुत्र ओमप्रकाश स्वामी, निवासी गांव ओडिंट के रूप में हुई।

परिजनों ने सुजानगढ़ अस्पताल पहुंचकर शिनाख्त की। वहीं रविवार को दिन में लाडनू पुलिस ने परिजनों से रिपोर्ट लेकर, शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# शिवराज जुसरिया गैंग का बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना पुलिस ने कुख्यात शिवराज जुसरिया गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को सीकर की फतेहपुर शेखावाटी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। आरोपी हत्या और आर्म्स एक्ट के मामलों में भी चालान शुदा है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल सिंह उर्फ बाबू 27 पुत्र रेवंत सिंह निवासी खुनखुना जिला डीडवाना-कुचामन है, जो वर्तमान में निवारू रोड स्थित गणेश वाटिका में रह रहा था। पूछताछ में सामने आया कि विशाल सिंह कुख्यात शिवराज जुसरिया गैंग का सक्रिय सदस्य है। उसका भाई अंकित सिंह आकोदा भी विजेंद्र सिंह गुलाब बाड़ी हत्याकांड के मुख्य आरोपी शिवराज सिंह जुसरिया के साथ जयपुर जेल में बंद है। आरोपी के खिलाफखोराबीसल थाने में आर्म्स एक्ट सहित चोरी के अन्य मामले भी दर्ज हैं। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर चोरी गए आभूषणों की बरामदगी के प्रयास कर रही है। करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि रिद्धि सिद्धि नगर.4 निवासी ईश्वर सिंह ने 25 अप्रैल 2026 को करधनी थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया था कि 15 अप्रैल को उसके माता-पिता शादी समारोह में गांव गए थे। 23 अप्रैल को वह और उसकी बहन काम पर गए हुए थे। दोपहर करीब दो बजे पड़ोसी ने फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। घर पहुंचने पर सोने.चांदी के कीमती आभूषण चोरी होना पाया गया। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा आलोक कुमार के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा पुराने अपराधियों पर निगरानी रखी। तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी विशाल सिंह की पहचान की गई। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी वर्ष 2022 में नेछवा सीकर में एक शादी समारोह के दौरान हुई फायरिंग और हत्या के मामले में फतेहपुर शेखावाटी जेल में बंद है। इसके बाद करधनी पुलिस ने 30 मई को उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। वहीं कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी सवाई सिंहए एएसआई नरेश चंद तथा कांस्टेबल बाबूलाल, गजानंद, मुकेश गोरा, विजयपाल और सुभाष शामिल रहे।

# ग्राहक बनकर बैठा बदमाश ऑटो रिक्शा लेकर फरार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में ग्राहक बनकर बैठे एक बदमाश ने ऑटो रिक्शा चालक को चकमा देकर उसका ऑटो लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी ने चालक को फोन पर धमकी देते हुए 5 हजार रुपए देने पर वाहन लौटाने की बात कही। मामले में जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक श्याम प्रकाश ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर के केशव नगर निवासी रोकी बैरवा ओला-उबर से संब ऑटो रिक्शा चालक है। 28 और 29 मई की दरमियानी रात करीब 2:50 बजे उसने एक ग्राहक को गंतव्य तक छोड़ा। इसके बाद ग्राहक बनकर बैठे एक युवक ने जगतपुरा जाने की बात कही। आरोपी चालक को मालवीय नगर जीटी क्षेत्र तक लेकर गया। सुबह करीब 6 बजे आरोपी ने चाय पीने का बहाना बनाकर ऑटो रिक्शा रुकवाया। उसने चालक से चाय लेने जाने को कहा। चालक जैसे ही चाय लेने के लिए दुकान पर गया, ऑटो में बैठा बदमाश वाहन स्टार्ट कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित चालक ने बुकिंग के दौरान उपयोग किए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि 5 हजार रुपए दे दो और अपनी गाड़ी वापस ले जाओ। इसके बाद रोकी बैरवा ने जवाहर सर्किल थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। उपनिरीक्षक श्याम प्रकाश ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस मोबाइल नंबर और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच में जुटी हुई है।

# भीषण गर्मी में बांधे परिंडे



प्रदीप सैनी

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी के इस मौसम में बेजुबान पक्षियों को राहत देने के लिए सामाजिक संगठन लगातार आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में श्री बालाजी सेवा समिति कुमावत समाज, बाय के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पक्षियों के लिए परिंडे बांधने के अभियान की शुरुआत की गई है। समिति के सदस्यों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और पेड़ों पर मिट्टी के परिंडे बांधकर उनमें पानी भरा। समिति के संचालक सुनील कुमावत ने बताया कि समिति द्वारा हर वर्ष बेजुबान जीवों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य किए जाते है, साथ ही बताया कि बढ़ते तापमान के कारण पक्षियों के लिए पीने के पानी का संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे में हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर की छत या आसपास पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करे। सुनील कुमावत ने जानकारी दी कि श्री बालाजी सेवा समिति केवल जीव सेवा तक सीमित नहीं है। समिति द्वारा समाज हित और प्रकृति को बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें गिरते भूजल स्तर को सुधारने के लिए जल संचयन के लिए वाटर हार्वेस्टिंग के प्रयास, गौसेवा, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता अभियान, हरियाली बढ़ाने के लिए लगातार वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रमुख है।

इस अभियान के दौरान अकाउंटेंट नरेन्द्र कुमावत, सुभाष भारतीय, राजकुमार, मंदिर पुजारी रामू महाराज, आशीष, सागरमल, वीरेन्द्र शिला, प्रेम सिक्का सहित अनेक सेवाभावी कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने नियमित रूप से इन परिंडों में पानी भरने का संकल्प लिया।

# सुनवाई 19 जून को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड प्रथम सीकर के अधिशाषी अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि कोटपूतली-किशनगढ़ (ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे) के निर्माण कार्य के लिए पर्यावरण स्वीकृति के तहत क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल किशनगढ़, अजमेर द्वारा 19 जून 2026 को सुबह 11 बजे पंचायत समिति खण्डेला, जिला सीकर में आमजन की सुनवाई आयोजित की जायेगी।

# गौ माता को राष्ट्रीय पशु बनाने की मांग को लेकर मुस्लिम समाज की विशाल पदयात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गोमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने तथा गौ हत्या और गौ तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर रविवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने जयपुर में विशाल पदयात्रा निकाली। अजहरुद्दीन, आफताब गोरान, जीशान पठान, मस्जिद कुरैशी, अरशद खान, एहसान खान और अयूब खान के नेतृत्व में आयोजित इस पदयात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। पदयात्रा के दौरान युवाओं ने गोमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दो, गोहत्या बंद करो, गोतस्करी बंद करो और गोमाता के हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगाए। रैली में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग, युवा और गौभक्त शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास भी पदयात्रा में शामिल हुए। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा और मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

खाचरियावास ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाने और वोट मांगने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के हजारों लोग आज गोरक्षा और गौ माता के सम्मान के लिए सड़कों पर उतरे हैं, जो समाज की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा वास्तव में गोरक्षा को लेकर गंभीर है तो उसे गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने के बजाय सरकार को गौ संरक्षण और गोवंश संरक्षण के लिए प्रभावी निर्णय लेने चाहिए। पदयात्रा के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार से गौ हत्या एवं गौ तस्करी पर सख्त कार्रवाई की मांग भी उठाई गई।



# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

निसं




**खाटूश्यामजी ( नवयत्न )।** वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत खाटूश्यामजी कस्बे में जल संरक्षण एवं जल स्वावलंबन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका परिसर से श्याम कुंड तक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पालिका कार्मिकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से आमजन को जल की महत्ता एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। श्याम कुंड पहुंचने पर निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि विकास सोनी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पालिका कार्मिकों एवं नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। सभी ने जल की प्रत्येक बूंद के सदुपयोग तथा जल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पुरानी नगर पालिका परिसर में स्थापित राष्ट्रपुरुषों एवं प्रेरणास्रोत महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर उन्हें श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया गया। साथ ही शहरी रोजगार योजना के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता जल संकट एक गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है।

जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देकर ही भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस अवसर पर दांतारामगढ़ भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत, अधिशासी अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी, नगर पालिका के निवर्तमान उपाध्यक्ष पूरणमल हरनाथका, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश रामूका, राजवीर सिंह, सोनू जोशी, गिरिराज माटोलिया, अजय कलावटिया, श्रवण कुमार, रमेश कुमार, पालिका एसआई सुरेन्द्र कुड़ी, विजयपाल, राजेन्द्र वर्मा, शिवराज, सुमेर सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अधिकमास की पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब



निसं

**खाटूश्यामजी ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी खाटूधाम में अधिकमास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। अलसुबह से ही देश-प्रदेश से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बाबा श्याम के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने पवित्र श्याम कुंड में स्नान कर चरणामृत ग्रहण किया और उसके बाद बाबा श्याम के दर्शन किए। इस अवसर पर बाबा श्याम का नीले फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया जिसने मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। श्रद्धालु तोरणद्वार, अस्पताल चौराहा, शनि मंदिर, लामिया तिराहा, 40 फी चौड़ा रास्ता, मंदिर प्रवेश मार्ग तथा 75 फीट चौड़े रास्ते में बनी कुल 14 दर्शन कतारों के माध्यम से सुव्यवस्थित रूप से दर्शन कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डीवाईएसपी राव आनंद कुमार एवं थानाधिकारी पवन कुमार चौबे के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

मंदिर कमेटी के सुरक्षा गार्ड्स, होमगार्ड्स तथा आरएसी के जवान भी दर्शन व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग करते नजर आए। प्रशासन और मंदिर कमेटी की संयुक्त व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन का लाभ मिल रहा है।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 345 हुए लाभान्वित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र झुंझुनू के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय तिलोकचंद जालान व भागीरथी देवी जालान की पुण्य स्मृति में श्याम सुंदर जालान के आर्थिक सौजन्य से लावरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विशाल नेत्र चिकित्सा एवं मधुमेह व उच्च रक्तचाप शिविर आयोजित किया गया। संयोजक श्याम सुंदर जालान ने बताया कि शिविर में टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा 210 रोगियों की आंखों की जांच कर डॉक्टर्स के परामर्श अनुसार दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई व 115 रोगियों को चश्मे वितरण किए गए। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 21 रोगियों का चयन किया, जिनके ऑपरेशन सोमवार को कराए जाएंगे। अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर्स टीम द्वारा मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के 135 रोगियों की जांच कर परामर्श के साथ दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में कुल 345 रोगी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वी राजस्थान झंडी प्रसाद हिम्मतरामका, डॉ एस एन शुक्ला, महेश कुमार मुंड, नागरमल जांगिड़, वीरा आरती मुंड, वीरा सुलोचना जालान, वीरा उमा जालान, राजेश अग्रवाल, नितिन जालान, देवेंद्र कुमार गौड़, ओमप्रकाश ककराणीया, बजरंग लाल अग्रवाल, पवन कुमार खेतान, चंद्र प्रकाश जालान, पंकज जालान, उतम जालान, लोकेश राणासरिया, पंकज जालान, रघुनाथ प्रसाद पौदार, मनोज सिंह टीकेएन, मुबारक अली पहाड़ियांन, प्रमोद कुमार शर्मा, बिहारी लाल सैनी, रमेश चंद्र अग्रवाल, श्रवण कुमार गोयनका, कैलाश चंद्र सिंघानिया, महेश कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार टीबड़ा, भरत कुमार तुलस्यान, सीताराम सैनी, हरिकिशन खेतान, रूपेश खेतान, अशोक कुमार शर्मा, बिहारी लाल सैनी, रामाकांत हलवाई, सुभाष चन्द्र जोशी, महावीर प्रसाद सैनी, महेंद्र सिंह, भगवती प्रसाद अग्रवाल, डॉक्टर्स टीम एवं काफी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

# वंदे गंगा साइकिल रैली निकाली

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, सीकर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रात: वंदे गंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जिला कलेक्ट्रेट परिसर से बजरंग कांटा तक किया गया। रैली को अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनलाल स्वामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने बताया कि रैली का उद्देश्य आमजन में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। रैली में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जल बचाने एवं अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने पानी रो मान राखो, जीवन रो ध्यान राखो, पेड़ लगाओ, जल बचाओ एवं एक पेड़ मां के नाम जैसे प्रेरक संदेशों के माध्यम से जल संरक्षण का महत्व रेखांकित किया। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त करते हुए जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला साक्षरता अधिकारी चंद्र प्रकाश महर्षि, मुकेश कुमार जैमन जिला शिक्षा अधिकारी, मोहित नेहरू युवा केंद्र अधिकारी, ईश्वर सिंह राठौड़ एवं गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# टैलेंट डे पर बच्चों ने नाटिका से खोला गुप्त वृंदावन धाम का रहस्य



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुप्त वृंदावन धाम में चल रहे समर कल्चर कैंप के प्रथम बैच का रविवार को टैलेंट डे के आयोजन के साथ भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में बच्चों ने अपनी अद्भुत सांस्कृतिक, कलात्मक और आध्यात्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शिविर में सीखे संस्कारों और कला का बच्चों ने मंच पर ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समापन समारोह में शिविरार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई गुप्त वृंदावन धाम का रहस्य नाटिका विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस प्रभावशाली नाटक के माध्यम से बच्चों ने इतिहास और अध्यात्म के सुंदर समन्वय को मंच पर उतारा। नाटिका में दिखाया गया कि किस प्रकार मुगलों के आक्रमण के समय ठाकुरश्री गोविंद देवजी महाराज को सुरक्षित रखने के लिए वृंदावन से जयपुर लाया गया था। बच्चों ने अभिनय के जरिए बताया कि इसी गौरवशाली और पावन इतिहास के कारण ही गुलाबी नगरी जयपुर को गुप्त वृंदावन के नाम से भी जाना जाता है। टैलेंट डे के मौके पर केवल अभिनय ही नहीं बल्कि बालिकाओं ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य कत्थक की बेहद खूबसूरत और सधी हुई प्रस्तुति देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही बच्चों ने शुद्ध उच्चारण के साथ श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का सस्वर वाचन किया, जिससे पूरा वातावरण शुद्ध और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। गुप्त वृंदावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने बच्चों की इस विशेष आध्यात्मिक प्रतिभा और प्रदर्शन की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों को ऐसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कल्चर कैंप्स की बेहद जरूरत है। ये कैंप न केवल बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं बल्कि उनके नैतिक जीवन की नींव को भी मजबूत करते हैं और उन्हें जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। इस भव्य समापन समारोह में शहर के कई गणमान्य प्रबुद्धजन और समाजसेवी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए जिसमें ओम प्रकाश मोदी, अशोक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रवि गर्ग, मोहित गर्ग, शंकर रे, मुकुट बिहारी गोयल, मुक्ता गोयल, अंशिता, राजेंद्र मालपानी सभी अतिथियों ने बच्चों के हुनर और उनके भीतर छिपे संस्कारों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी बच्चों को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

# कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने मारा छापा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने राजापार्क क्षेत्र में संचालित एक अवैध हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए कैफे मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से प्रतिबंधित तंबाकू फ्लेवर, हुक्के, चिलम और अन्य सामग्री जब्त की है। वहीं हुक्का पीते मिले सात युवकों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि अवैध हुक्का बारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल एवं सहायक पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सुथार के निर्देशन में आदर्श नगर थानाधिकारी मनीष गुप्ता के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। आदर्श नगर थानाधिकारी मनीष गुप्ता ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजापार्क की गली नंबर-3 स्थित गांधी विला के सामने संचालित द चिल डेक कैफे में अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने कैफे में दबिश दी। जांच के दौरान कैफे में कई युवक हुक्का पीते मिले। पुलिस ने मौके पर मौजूद सात युवकों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत चालान कर नियमानुसार जुर्माना वसूला। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कैफे से विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधित तंबाकू फ्लेवरए हुक्का, चिलम तथा हुक्का पाइप जब्त किए। ग्राहकों को प्रतिबंधित तंबाकू फ्लेवर उपलब्ध कराने के आरोप में कैफे मैनेजर नरेश बैरवा 19 निवासी जामडोली आगरा रोड को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आदर्श नगर थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। इसी क्रम में पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे पद्म पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवारों के प्रस्ताव अभिशंसा सहित जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190